फाल्गुन कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 59, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 27 मार्च 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# देश का प्रधानमंत्री कायर: प्रियंका गांधी

## राहुल ने ट्विटर पर खुद को डिसक्वालिफाइड सांसद लिखा, कांग्रेस ने संकल्प सत्याग्रह की शुरूआत की

नई दिल्लीः राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द करने के खिलाफ कांग्रेस रविवार को देशभर में संकल्प सत्याग्रह किया। प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अधीर रंजन जैसे बड़े नेता सुबह-सुबह राजघाट पहुंचे। पुलिस ने यहां धारा 144 लगा दी, लेकिन नेता और कार्यकर्ता इसके बावजूद पहुंचे। उधर, राहुल गांधी ने रविवार को ट्विटर पर अपना बायो बदल दिया। उन्होंने अब खुद को डिसक्वालिफाइड सांसद लिखा है। प्रियंका गांधी ने कहा कि आज तक हम चुप रहे हैं तो आप हमारे परिवार का अपमान करते गए। मैं पूछना चाहती हूं कि एक आदमी का कितना अपमान करोगे। मुझ पर केस लगा दो, लेकिन सच ये है कि इस देश का प्रधानमंत्री कायर है। इस पूरे मामले में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि रस्सी जल गई है, लेकिन बल नहीं गया। लोकसभा सेक्रिटेरिएट ने 24 मार्च को राहुल गांधी को डिसक्वालिफाइड कर दिया था। राहुल केरल के वायनाड से सांसद थे। यह एक्शन मानहानि केस में राहुल को 2 साल की सजा सुनाए जाने के बाद लिया गया। राहुल ने 2019 में कर्नाटक की सभा में मोदी सरनेम को लेकर बयान दिया था। प्रियंका गांधी ने कहा- मेरे पिता का संसद में अपमान किया गया। ये लोग शहीद के बेटे को देशद्रोही कहते हैं, मीर जाफर



कहते हैं। एक मुख्यमंत्री तो यहां तक कहते हैं कि राहुल को पता ही नहीं उनका पिता कौन है। आपके प्रधानमंत्री भरी संसद में कहते हैं कि हमारा परिवार नेहरू नाम क्यों इस्तेमाल करता है। आपको कोई सजा नहीं मिलती, न संसद से बाहर निकालता है। जिस व्यक्ति ने सूरत में राहुल गांधी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, वह कोर्ट में गया और 1 साल के लिए अपने ही मामले पर रोक लगाने के लिए कहा, लेकिन राहुल गांधी ने अडाणी पर संसद में भाषण देने के बाद मामले को फिर से ओपन करवाया। 1 महीने के अंदर सुनवाई हुई और राहुल को दोषी करार दिया गया। आज तक हम चुप रहे हैं, आप हमारे परिवार का अपमान करते गए। मैं पूछना चाहती हूं कि एक आदमी का कितना अपमान करोगे। मेरा भाई पीएम के पास गया, उन्हें गले लगाया और कहा कि मुझे आपसे नफरत नहीं है। हमारी विचारधारा अलग है।

### कांग्रेस का सत्याग्रह कोर्ट के फैसले के खिलाफ: बीजेपी

सत्याग्रह के दौरान प्रियंका के बयानों पर पलटवार करते हुए बीजेपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। बीजेपी नेता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि राहुल की सांसदी कानून के अनुसार गई है। कोर्ट के फैसले के विरोध में ही कांग्रेस सत्याग्रह कर रही है। ये सत्याग्रह के नाम पर दुराग्रह है। गांधी परिवार खुद को कानून से ऊपर समझता है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि राहुल पहले चोर कहकर जातिसूचक गालियां देते हैं। कोर्ट ने इस पर माफी मांगने को कहा तो उन्होंने माफी नहीं मांगी। यह उनके अंहकार को दिखाता है।

## संक्षिप्त

### पाक को कर्ज देने के लिए आईएमएफ ने फिर रखी नई शर्त

**इस्लामाबाद: पाकिस्तान** की आर्थिक बदहाली के बीच कर्ज देने के लिए आईएमएफ ने पाकिस्तान के आगे एक नई शर्त रख दी है। आईएमएफ ने अब इस्लामाबाद को बेलआउट किश्त जारी करने के लिए अगला कदम उठाने से पहले बाहरी वित्तीय आश्वासन की मांग की है। एक रिपोर्ट के अनुसार, आईएमएफ और पाकिस्तान के बीच जिस फंड को लेकर बातचीत हो रही है, वह 6.5 बिलियन डॉलर के बेलआउट पैकेज का हिस्सा है, जिसे 2019 में मंजूर किया गया था। यह फंड पाकिस्तान को डिफॉल्ट होने से बचा सकता है। पाकिस्तानी वित्त मंत्री इशाक डार कहना है कि इसे 5 अरब डॉलर के करीब होना चाहिए। जियो न्यूज की खबर के अनुसार, यह समझौता पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाने के लिए अन्य द्विपक्षीय और बहुपक्षीय फंडिंग के रास्ते भी खोलेगा।

### सपा ने लोकसभा प्रभारी व जिलाध्यक्षों की सूची जारी की

**लखनऊ। समाजवादी पार्टी** (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर पार्टी की तैयारियों को तेज कर दिया है। रविवार को उन्होंने प्रदेश में जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष की घोषणा कर दी। इसके साथ ही अखिलेश ने बूथ कमेटियों के गठन को लेकर लोकसभा प्रभारियों का भी एलान कर दिया है।

# ऑर्गन डोनेशन को बढ़ावा दें: पीएम मोदी

## पीएम ने सबसे छोटी ऑर्गन-डोनर के माता-पिता की सराहना की

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 99वें एपिसोड को संबोधित किया। इस एपिसोड में उन्होंने ऑर्गन डोनेशन पर बात की। उन्होंने दो ऐसे परिवारों से बात की, जिनके किसी सदस्य की मृत्यु के बाद उसके अंगदान किए गए। इनमें से एक परिवार पंजाब का था, जिसकी 39 दिन की बच्ची देश की सबसे कम उम्र की ऑर्गन डोनर बनी। पीएम मोदी ने इस एपिसोड में नारी शक्ति, क्लीन एनर्जी, कोरोना से सावधानी और अगल महीने होने जा रहे सौराष्ट्र-तमिल संगमम पर बात की। उन्होंने मन की बात के 100वें एपिसोड को लेकर लोगों की राय भी मांगी। उन्होंने कहा कि लोगों के विचार ही 30 अप्रैल को होने वाले 100वें मन की बात को खास बनाएंगे।

**39 दिन की अबाबत की किडनी डोनेट की गई:** ऑर्गन डोनेशन के बारे में बात करते समय पीएम मोदी ने देश की सबसे कम उम्र की डोनर के माता-पिता से बात की। 39 दिन की उम्र में किडनी डोनेट करने वाली अबाबत के पिता सुखबीर ने बताया कि बच्ची के पैदा होते ही उन्हें पता चला कि उसके दिमाग में नाड़ियों का ऐसा गुच्छा बना हुआ है जिसकी वजह से उसके दिल का आकार बड़ा हो रहा है। पहले 24 दिन तक तो बहुत ठीक रहा बच्चा बिल्कुल नॉर्मल रहा। अचानक उसका दिल एकदम काम करना बंद हो गया। उसे हॉस्पिटल लेके गए, वहां डॉक्टरों ने उसे बचा लिया लेकिन उसे क्या दिक्कत आई, ये समझने में वक्त लगा। उन्होंने बताया कि चंडीगढ़ के डॉक्टरों ने बताया कि बच्चा 6 महीने का होता तो ऑपरेशन कर सकते थे। 39 दिन की होने पर बच्ची को दोबारा दिल का दौरा आया और इस बार डॉक्टर उसे बचा नहीं सके। तब सुखबीर और उनकी पत्नी ने बच्ची के ऑर्गन डोनेट करने का फैसला लिया, ताकि किसी और के जीवन में उजाला आ सके। डॉक्टरों ने कहा कि इतने छोटे बच्चे की सिर्फ किडनी डोनेट की जा सकती है। इसके बाद उन्होंने गुरुनानक को याद करके उसकी किडनी डोनेट की। अबाबत के माता-पिता से बात करने के बाद पीएम मोदी ने उनके इस फैसले को कई लोगों के लिए प्रेरणादायक बताया। पीएम ने कहा कि आपके इस कदम से किसी को नई जिंदगी मिली होगी। आपके हौसले को सलाम है।

# हम सौभाग्यशाली हैं कि मोदी जी के युग में पैदा हुए: शिवराज

**भोपाल:** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि भाजपा के कार्यकर्ता हैं। उस युग में पैदा हुए जब मोदी जी भारत के प्रधानमंत्री हैं। आज का भारत इस बात का उदाहरण है कि किसी देश का कायाकल्प कैसे हो सकता है। कांग्रेस के जमाने में छोटे-छोटे देश हमें आंखें दिखाते थे और भारत घोटालों के देश के रूप में जाना जाता था। लेकिन आज हमारे दुश्मन देश पाकिस्तान के लोग भी कह रहे हैं कि हमें मोदी जी




चाहिए। मुख्यमंत्री चौहान रविवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के मौजूदगी में भोपाल में आयोजित नर्मदापुरम एवं भोपाल संभागों के बूथ अध्यक्षों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सारी दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है।

# महिला विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप में निखत ने जीता स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली:** नई दिल्ली में आयोजित महिला विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रविवार को भारत की झोली में तीसरा स्वर्ण पदक आया। भारतीय स्टार मुक्केबाज निखत जरीन ने 48-50 किग्रा भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने फाइनल में वियतनाम की मुक्केबाज गुयेन थी ताम को मात दी। निखत का विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप में यह लगातार दूसरा स्वर्ण पदक है। इससे पहले शनिवार के दिन नीतू घनघस ने 45-48 किग्रा भारवर्ग और स्वीटी




बूरा ने 75-81 किग्रा भारवर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। इस फाइनल मुकाबले में निखत शुरूआत से ही शानदार लय में दिखीं। उन्होंने वियतनाम की मुक्केबाज को कोई मौका ही नहीं दिया और पहले राउंड में ही 5-0 की बढ़त ले ली।

# साबरमती जेल से अतीक को लेकर रवाना हुई यूपी पुलिस

## कड़ी सुरक्षा में अतीक को लाया जा रहा यूपी, आसपास के राज्यों की पुलिस अलर्ट मोड़ पर

**प्रयागराज: साबरमती** जेल में बंद माफिया अतीक अहमद को लेकर पुलिस उत्तर प्रदेश के लिए रवाना हो गई है। उम्मीद यह जताई जा रही है कि सोमवार की रात्रि तक अतीक यूपी आ जाएगा। 28 मार्च को पुलिस अतीक को कोर्ट के समक्ष पेश करेगी। उमेश पाल हत्याकांड में पूछताछ के लिए ही प्रयागराज पुलिस प्रोडक्शन वारंट लेकर रविवार की सुबह करीब साढ़े 11 बजे साबरमती जेल पहुंची। पुलिस ने प्रयागराज कोर्ट का वारंट जमा किया है। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के



बाद पुलिस अतीक को लेकर उत्तर प्रदेश के लिए रवाना हो गई है। अतीक को सड़क मार्ग से लाया जा रहा है। 1435 किलोमीटर का सफर तय करना होगा। इसके लिए प्रयागराज लाने का रूट प्लान कर लिया गया है। साबरमती जेल से अतीक को लेकर अहमदाबाद से माउंट आबू, कोटा और ग्वालियर होते हुए प्रयागराज लाया जाएगा। अतीक को लाने के लिए पुलिस की 45 सदस्यीय टीम शामिल है, जिसमें एक आईपीएस तीन डिप्टी एसपी और 40 सिपाही हैं। सुरक्षा में मुस्तैद मात्र पांच अफसरों के पास ही मोबाइल रहेगा बांकि लोगों के मोबाइल जमा कराए गए। साबरमती जेल से लाये जा रहे अतीक को लेकर लोगों को यह डर सता रहा है कि कही कानपुर विकरू कांड के मुख्य आरोपित विकास दूबे की तरह अतीक का भी वाहन न पलट जाए। इसको लेकर उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक देवेंद्र सिंह चौहान ने बड़ा जवाब दिया है। डीजीपी ने कहा कि हमारी गाड़ियां नहीं पलटतीं केवल अपराधी पलटता है। माफिया अतीक अहमद को गुजरात से यूपी इस लिए लाया जा रहा है क्योंकि उसको एक पुराने मामले में कोर्ट के सामने पेश किया जाएगा। डीजीपी ने कहा कि आरोपी को हमें कब और कैसे गिरफ्तार करना है ।

# सारस की आड़ में आरिफ के नाम पर राजनीति कर रहे सपा प्रमुख: भूपेन्द्र

**लखनऊ। भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि गाय और सारस का अंतर सपा प्रमुख को समझना होगा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव सारस की आड़ में आरिफ के नाम पर राजनीति कर रहे हैं। चिड़ियाघर में सारस को कैद नहीं किया गया, बल्कि संरक्षित किया गया है। योगीराज में आम और खास का फर्क मिटा दिया गया तो सपा प्रमुख को परेशानी हो रही है। भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पशु-पक्षियों से प्रेम प्रदेश की जनता से छिपा नहीं है। योगी आदित्यनाथ सभी 75 जनपदों में जाकर विकास करते हैं तो सपा प्रमुख को नहीं दिखता, लेकिन बतौर सीएम खुद नोएडा नहीं जाते थे तो भेदभाव कौन करता है। यह जनता को पता है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सपा प्रमुख ने कांग्रेस को पहले भी साइकिल पर बिठाया था, जिसे जनता ने पंक्चर कर दिया। कांग्रेस-सपा, सपा-बसपा मिलकर भी भाजपा के खिलाफ चुनाव में साथ खड़े हुए पर जनता ने उन्हें नकार दिया। जनता उन्हें पहले भी हरा चुकी है, आगे भी हराएगी ही। यह लोग गठबंधन भी सिर्फ लाभ देखकर ही करते हैं।

# कांग्रेस का मतलब है करप्शन, कमीशन और डिवीजन : जेपी नड्डा

**भोपाल।** कांग्रेस का मतलब है करप्शन, कमीशन और डिवीजन। भाई भतीजावाद, परिवारवाद इनकी पहचान है। हमारी संस्कृति समाजसेवा, समाज के सशक्तीकरण और रिपोर्ट कॉर्ड की है, जो कहेंगे वो करेंगे और जो कहा है, वो किया है। कांग्रेसियों के भाषण सुनिए, उनमें से वोट बैंक संस्कृति की झलक दिखाई देती है। हमें कांग्रेस की यह संस्कृति जनता को बताना है। भाजपा की सरकारें देश और प्रदेश को लगातार आगे बढ़ा रही हैं, यह जनता को समझाना है और पार्टी को यशस्वी बनाना है। हर बूथ का अध्यक्ष आज यह संकल्प लें कि मेरे बूथ



पर सिर्फ जीत ही होगी। यह बात भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को भोपाल प्रवास के दौरान नर्मदापुरम एवं भोपाल संभागों के बूथ अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कही। सम्मेलन को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने भी संबोधित किया।

**ऑफिस नहीं, संस्कार केंद्र होगा नया कार्यालय भवन:** नड्डा ने बूथ अध्यक्षों, कार्यकताओं को पार्टी के नए प्रदेश कार्यालय भवन के भूमिपूजन की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 2014 में चुनाव जीतने के बाद प्रधानमंत्री मोदी जी पार्टी कार्यालय आए थे और उन्होंने यह पूछा था कि कितने जिलों में पार्टी के अपने कार्यालय भवन है? हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हर जिले में हमारे अपने कार्यालय भवन होंगे। उस संकल्प का ही परिणाम है कि आज देश के 290 जिलों में पार्टी के कार्यालय भवन बन चुके हैं। 115 कार्यालयों का काम चालू है। 123 कार्यालयों के लिए जमीन ले ली गई है और काम चालू होने वाला है। इसी कड़ी में आज पार्टी के नए प्रदेश कार्यालय भवन का भूमिपूजन हुआ है, जो वर्ल्ड क्लास और आधुनिक तकनीक से युक्त होगा।

# स्टील सेक्टर को आगे बढ़ाने छत्तीसगढ़ सरकार तत्पर : बघेल

**रायपुर: मुख्यमंत्री** भूपेश बघेल रविवार को ऑल इंडिया स्टील कॉन्क्लेव में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने देशभर से आये स्टील उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्टील सेक्टर को आगे बढ़ाने के लिये छत्तीसगढ़ सरकार तत्पर है। स्टील उद्योग छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों के दौरान स्टील उद्योग को बहुत सी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। कभी महंगी बिजली का संकट सामने आ जाता है, कभी ईंधन का संकट सामने आ जाता है। कभी सस्ते



कच्चे माल की जरूरत शिद्दत के साथ महसूस की जाती है, तो कभी कोरोना और लॉकडाउन का संकट सामने आ जाता है। लेकिन कोरोना काल में छत्तीसगढ़ सरकार की नीति की वजह से उद्योग बंद नहीं हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार को भले घाटा हो लेकिन हमने आपको बिजली में छूट दी ताकि उद्योग अच्छे से चलते रहें।

## बोले- 2.5 फीट ऊंचा झंडा लगाने पर यहां निजाम ने कत्लेआम किया था, ये दूर से नजर आएगा

# शाह ने बीदर में 103 फीट ऊंचा तिरंगा फहराया

**बेंगलुरु: केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह एक दिन के कर्नाटक दौरे पर रहे। उन्होंने यहां के बीदर में 103 फीट ऊंचा तिरंगा फहराया है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस गरोटा गांव में एक निजाम ने सैंकड़ों लोगों को इसलिए मार डाला था, क्योंकि उन्होंने 2.5 फीट ऊंचा तिरंगा फहरा दिया था। आज मैं बहुत गर्व से कह सकता हूं कि इसी जमीन पर हमने 103 फीट ऊंचा तिरंगा फहराया है जो किसी से छिपेगा नहीं। शाह ने गरोटा शहीद मेमोरियल का उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि इसी जमीन पर उन अमर शहीदों के नाम स्मारक भी बनाया गया है। यहां बना सरदार पटेल का 20 फीट ऊंचा स्टैच्यू इस बात का प्रतीक रहेगा कि हैदराबाद के निजाम को हटाने में



हमारे पहले गृह मंत्री ने कितनी अहम भूमिका निभाई थी। तब जाकर यह इलाका, यह बीदर भारत का हिस्सा बन पाया।

**कर्नाटक में अब तक धर्म के आधार पर आरक्षण दिया जाता था:** गृह मंत्री ने कहा कि कर्नाटक में अल्पसंख्यकों को अब तक दिया जा रहा आरक्षण संविधान के मुताबिक नहीं था। संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण देने का प्रावधान है ही नहीं। कांग्रेस की सरकार ने अपनी ध्रुवीकरण की राजनीति के चलते अल्पसंख्यकों को आरक्षण दिया था।

भाजपा ने इसे खत्म करके वोक्कालिगा और लिंगायत समुदायों को दिया है। उन्होंने कहा कि वोट बैंक के लालच में कांग्रेस ने देश की आजादी की लड़ाई और हैदराबाद मुक्ति के युद्ध के शहीदों को कभी सम्मान नहीं दिया। अगर सरदार पटेल यहां न आते और हैदराबाद और बीदर को कभी आजादी नहीं मिलती। गृहमंत्री का दो दिन में ये दूसरा कर्नाटक दौरा है।

# एयर इंडिया के पायलट ने नेपाल में बिना अनुमति नीचे उतारा विमान

## हवाई यातायात नियंत्रण में कार्यरत तीन कर्मचारियों को निलंबित किया गया

**काठमांडू: नागरिक** उड्डयन प्राधिकरण (क्यान) ने एयर इंडिया के पायलट पर नेपाल में नियम विपरीत उड़ान भरने पर फिलहाल के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने घटना के समय हवाई यातायात नियंत्रण में कार्यरत तीन कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दिल्ली से काठमांडू आ रहे एयर इंडिया के विमान के पायलट ने 24 मार्च की सुबह 19 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ान भरते समय हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) की अनुमति के बगैर अचानक विमान को 15 हजार फीट पर नीचे उतार दिया, जिससे विमान नेपाल एयरलाइंस के एक विमान से टकराते-टकराते बचा। क्यान ने जांच प्रक्रिया शुरू की है, जिसकी रिपोर्ट आने तक एयर इंडिया के पायलट को नेपाल में उड़ान भरने पर प्रतिबंध लगाने के लिए एयर इंडिया से पत्राचार किया है। नेपाल नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के सूचना अधिकारी ज्ञानेंद्र भुल ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि 24 मार्च को सुबह 07 बजकर 20 मिनट पर दिल्ली से काठमांडू के लिए उड़ान भरने वाले एयर इंडिया के पायलट को निरीक्षण रिपोर्ट आने तक उड़ान भरने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने बताया कि नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने घटना के समय हवाई यातायात नियंत्रण में कार्यरत तीन कर्मचारियों को भी निलंबित कर दिया गया है। सूचना अधिकारी भुल ने बताया कि नियमतः किसी भी विमान की ऊर्ध्वाधर दूरी 1,000 फीट होनी चाहिए, लेकिन 24 मार्च को एयर इंडिया और नेपाल एयरलाइंस के विमान के बीच कम दूरी होने से दुर्घटना का खतरा बन गया था।

## खबर संक्षेप

### जंघई में बुंदेलखंड एक्सप्रेस में अवैध वेंडरों का हुआ चालान

**जंघई।** जंघई जंक्शन रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने तीन अवैध वेंडरों को गिरफ्तार करके चालान किया है जिससे वेंडरों मे हडकंप मचा है।वाराणसी प्रतापगढ़ रेलवे रुट व प्रयागराज जंघई रेलवे रुट पर ट्रेनों मे अवैध वेंडरों की भरमार है। रविवार को बुंदेलखंड में अनाधिकृत ठंग से सामान बेच रहे तीन वेंडरों को पकड़ कर जीआरपी ने चालान किया है। लोगो का कहना है कि आरपीएफ जीआरपी के रहमोकरम पर अवैध वेंडर चलते है लेकिन समय समय पर यही आरपीएफ जीआरपी इनके खिलाफ कार्रवाई भी करता है। जीआरपी जंघई प्रभारी रामकवर यादव ने बताया की तीन अवैध वेंडरों का चालान किया गया है वह बुंदेलखंड एक्सप्रेस मे अनाधिकृत ढंग से सामान बेचते पकडे गये थे।

### दुकान के सामने से बाइक चोरी

**मऊआइमा।** दवा की दुकान के सामने खडी बाइक को अज्ञात चोर उडा ले गए। ऑन लाइन एफ आई आर दर्ज करा कर थाने में एक कापी दे दी गयी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सूलतानपुर खास निवासी मोहम्मद सईद पुत्र मोहम्मद हबीब दवा की दुकान फोरलेन के निकट चलाते हैं। वह अपनी बाइक खडी करके दुकान में चले गए शाम को अज्ञात चोर बाइक उडा दिए। ऑन लाइन एफ आई आर दर्ज करा कर मोहम्मद सईद ने थाने में एक कापी दी है।





# दबंगों ने पंचायत भवन निर्माण को लेकर ग्राम प्रधान को पीटा

**गांव के ही तीन व्यक्ति आबादी की जमीन पर पंचायत भवन के निर्माण को लेकर कर रहे थे विरोध, प्रधान ने दबंगों खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है, सैदाबाद ब्लाक के देवनीपुर सुजौला गांव का मामला**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उतरांव थाना क्षेत्र में दबंगों ने पंचायत भवन निर्माण को लेकर ग्राम प्रधान की पिटाई कर दी। प्रधान ने दबंगों खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया। सैदाबाद ब्लॉक देवनीपुर सुजौला गांव में ग्राम प्रधान सुभाष चंद्र बिंद द्वारा पंचायत भवन का निर्माण कराया जा रहा है। गांव के ही तीन व्यक्ति आबादी की जमीन पर पंचायत भवन के निर्माण को लेकर विरोध जता रहे हैं। रविवार को दर्जनों की संख्या में लामबंद होकर आरोपी पंचायत भवन पहुंच गए। प्रधान से गाली गलौज करते पिटाई कर दी। शोर मचने पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए। पुलिस ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर किसी तरह से मामले को ठंडा किया। ग्राम प्रधान की पिटाई से लोगों में गुस्सा है। ग्रामीण आरोपियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।प्रधान संघ अध्यक्ष सैदाबाद रामबाबू सिंह ने थानाध्यक्ष श्रवण कुमार से बात कर प्रधान पर हुए हमले में कार्रवाई की मांग की। अध्यक्ष ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। पुलिस मामले की जांच कर कार्रवाई की बात कह रही है।

## न्यूज झरोखा

### शक्तिपीठ मां शीतला का श्रृंगार तथा जवाबी कीर्तन मुकाबला मंगलवार को



**सिरसा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी उरुवा विकास खंड क्षेत्र के रामनगर बाजार स्थित शक्तिपीठ मां शीतला का वार्षिक श्रृंगार पूजन उत्सव एवं जवाबी कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन मंगलवार की रात 8 बजे होगा। श्रृंगार पूजन उत्सव में शानदार जवाबी कीर्तन का भी आयोजन किया गया है। जवाबी कीर्तन में म.प्र. छतरपुर की कीर्तन कलाकार नीलम विश्वकर्मा एवं कानपुर के सचदेवा शरारती के बीच मुकाबला होगा । इस अवसर पर शक्तिपीठ मां शीतला समिति के अध्यक्ष उमाशंकर पंडा तथा मोतीलाल पाल ,ठाकुर पंडा ने सभी श्रद्धालुओं, दर्शनार्थियों से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर शक्तिपीठ मां शीतला जी की मनमोहक झांकी का दर्शन, पूजन करें।और जवाबी कीर्तन का आनंद उठाएं।

### राहुल गांधी के समर्थन में उतरे कांग्रेसी



**मेजा रोड।** राहुल गांधी के समर्थन में कांग्रेसियों ने एकजुट होकर धरना प्रदर्शन करते हुए अपने मांग रखते हुए कहा कि राहुल गांधी की जो सदस्यता रद्द की गयी है वह पुनः बहाल की जाए । बता दें कि यह प्रदर्शन मेजा क्षेत्र के सोनार के तारा क्षेत्र में कांग्रेस द्वारा किया गया धरना प्रदर्शन रामछबिले मिश्रा जमुपार जिला उपाध्यक्ष ने कहा की ये ताना साही सरकार कि रवैया सही नहीं है जब तक हमारे आदरणीय राहुल गांधी का सदस्यता वापस नहीं किया जायेगा तब तक धरना प्रदर्शन चलता रहेगा आनन्द पांडेय उरुवा ब्लाक अध्यक्ष इन्होंने कहा कि अगर सदस्यता वापस नहीं किया जायेगा तो भुख हड़ताल भी किया जायेगा सुमित तिवारी अंकित पांडेय केके भारतीय श्री कृष्ण भारतीय आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### एम एल सी ने संगठन के साथ सुनी मन की बात



**मऊआइमा।** एम एल सी निर्मला पासवान ने ग्राम सभा सराय अतन उर्फ नौगिरा में ग्राम प्रधान के आवास पर सुनी मन की बात के दौरान संगठन के काफी लोग एकत्रित हुए। मऊआइमा के सराय अतन उर्फ नौगिरा में ग्राम प्रधान अनिल कुमार पटेल के आवास पर संगठन द्वारा निर्देशित मन की बात कार्यक्रम को सुनते हुए काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष व सदस्य विधान परिषद निर्मला पासवान मंडल मऊआइमा नगर के बूथ नंबर 94 पर, मंडल अध्यक्ष शारदा प्रसाद ,श्यामसुंदर दुबे जी महामंत्री जयप्रकाश पटेल हरि गोविंद पटेल दिवाकर मिश्रा सुरेश मिश्रा अनिल पटेल संजय पटेल उमाशंकर तिवारी अभय राज सिंह अनुसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष सहदेव प्रसाद जी धर्मेंद्र पासवान आदि मौजूद थे।

### नशा से खुद बचें और दूसरों को भी बचाएं : नितेश तिवारी



**मेजा रोड।** मेजा क्षेत्र में निशिली पदार्थों की विक्री तेजी से बढ़ने के कारण नशा की चपेट में युवा पीढ़ियों की तादात समाज के लिए घातक साबित हो रहा है। नशीली पदार्थों के सेवन के कारण युवाओं का भविष्य चौपट हो रहा है। सामाजवादी पार्टी के नेता नितेश तिवारी ने कहा है की नशा, नाश का घर है आज छेत्र में नशीली पदार्थों का सेवन युवाओं में तेजी से बढ़ रहा है जिससे आने वाली पीढ़ियों पर बड़ा दुष्प्रभाव होगा। सपा नेता नितेश तिवारी ने छेत्र के युवाओं से एक अपील किया है की हमे स्वयं और दूसरों को भी सुरक्षित करना है। नितेश तिवारी ने कहा की मेजा सहित अगल बगल के ब्लाकों में निशीली पदार्थों की विक्री पर रोक लगनी चाहिए ,पुलिस प्रशासन को इस गंभीर और भयावह व्यवस्था पर संज्ञान लेकर विक्रेताओं पर कार्यवाही करनी चाहिए चूंकि यह वर्तमान और भविष्य की पीढ़ी के जीवन बचाने से जुड़ा सवाल है। सपा नेता ने कहा की क्षेत्र के अगल अलग चौराहों से कुछ ही मीटर की दूरी पर स्मैक जैसी नशीली पदार्थों की विक्री पुलिस के लिए चेतावनी सी बन गई है। प्रमुख चौराहों पर मेडिकल स्टोर पर नशे की अंग्रेजी दवाओं के साथ साथ इंजेक्शन की विक्री पर भी प्रशासन को ध्यान रखना चाहिए।

### दुगार्गंज की पुलिया जानलेवा साबित हो सकती है...



**जंघई।** वारी दुगार्गंज मार्ग पर स्थित दुगार्गंज बाजार के समीप नहर पर बनी पुलिया जीर्ण शीर्ण अवस्था में हो गई है है आवागमन बाधित हो रहा है क्षेत्र के तमाम जनप्रतिनिधि इस रास्ते का प्रयोग करते हैं, कई वर्षों से कर रहे हैं लेकिन मूकदर्शक बनकर आते जाते हैं कोई मतलब नहीं कि पुलिया का निर्माण करवाया जाए। दोनों तरफ रेलिंग नहीं है वाहन नहर में गिर सकता है, पुलिया कभी भी भरभरा कर गिर सकती है लेकिन प्रशासन भी मूकदर्शक बनकर देख रहा है तमाम जनप्रतिनिधि एवं सत्तापक्ष के नेताओं से ग्रामीणों ने कई बार अपील किया इस पुलिया के नवीनीकरण हेतु लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया जिससे आम जनमानस में आक्रोश व्याप्त है।

### जसरा में दो दिवसीय वालीबाल टूर्नामेंट का उद्घाटन



**जसरा।** गांव में होने वाली छोटी-छोटी प्रतियोगिताओं से गांव के प्रतिभाओं को आगे आने सदैव से मिलता रहा है। गांव में खेल की बहुत प्रतिभाएं अवसर न मिल पाने के कारण गांव में ही दम तोड़ देती हैं। उक्त बातें समाजसेवी भाजपा नेता आशीष सोनकर ने जसरा पुरानी बाजार के दो दिवसीय बालीवाल टूर्नामेंट का उद्घाटन करते हुए कही। श्री सोनकर ने कहा कि गांव में कुछ खेल इस तरह के होते हैं कि जिनमें खिलाड़ियों के आगे आने की अपार संभावनाएं होती है । किंतु उचित प्लेटफार्म ना मिल पाने के कारण गांव की यह प्रतिभा बाहर अपने कौशल का प्रदर्शन नहीं कर पाती । हमें गांव के इन खिलाड़ियों को उत्साहित करने के लिए समय-समय पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करना चाहिए। जसरा पुरानी बाजार दो दिवसीय वॉलीबॉल टूनार्मेंट में 25 टीमों ने भाग लिया। जिसमें जिले से बाहर की कई टीमों ने एंट्री कराया है । उद्घाटन मैच गौहनिया और चिल्ला गौहानी के मध्य खेला गया। जिसमें चिल्ला ने 2 -1 से विजय हासिल किया। इस मौके पर मुख्य रूप से रतन केसरवानी , अरुण केसरवानी बड़े बाबू , विपिन यादव , वरुण केसरवानी , अकरम अली , पंकज केसरवानी , सुभाष पटेल , बाबूराम द्विवेदी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## कलश यात्रा के पश्चात भक्तों ने की कथा महात्म का रसपान



**सहसों।** सप्त दिवसीय चल रही संगीत मय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पहले दिन भगवती पुरम कटका चौराहा अंदावां स्थित मुख्य यजमान विश्वम्भर नाथ पांडे एवं श्रीमती सरस्वती पांडे के संयोजन में कथा के पूर्व कथा स्थल से आवाहित देवी-देवताओं एवं भागवत भगवान की आचार्य विद्वान द्वारा वैदिक मंत्रों से पूजन अर्चन आरती इत्यादि के पश्चात भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा को कटका गांव के गली मोहल्ला से होते हुए भगवान राधा कृष्ण मंदिर दर्शन के पश्चात वापस कथा स्थल पर विराम दिया गया। कलश यात्रा में भारी संख्या में भक्त श्रद्धालु नर नारियों ने भगवान की जय जय कार करते हुए तथा महिलाओं द्वारा मंगल गीत गाते हुए आधुनिक वाद्य यंत्र के साथ शामिल रहीं। कलश यात्रा के पश्चात व्यास पीठ से कथा व्यास दिल्ली से पधारे रस सिद्ध आचार्य दिलीप तिवारी पीयूष जी महाराज ने अपनी अमृतमयी वाणी से श्रीमद् भागवत कथा का महत्व को बताते हुए कहा कि सच्चिदानन्द स्वरुप भगवान श्रीकृष्ण को हम नमस्कार करते हैं जो जगत की उत्पत्ति, स्थिति और विनाश के हेतु तथा आध्यात्मिक, आधिदैविक और आधिभौतिक झ तीनों प्रकार के तापों एवं पापों का नाश करने वाले हैं। धन्य है श्रीमद्भागवत महापुराण जो भी मनुष्य भक्तगंण तन मन श्रद्धा भाव से श्रवण करता है उसको मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। और भागवत की सप्ताहिक कथा तो साक्षात श्री कृष्ण का धाम प्रदान करने वाली है। कथा के उपरांत मुख्य यजमान एवं आयोजक संजय पांडे व राहुल पांडे द्वारा व्यासपीठ, भागवत भगवान एवं आवाहित देवी देवताओं की आरती उतारी गई तथा उपस्थित भक्त श्रोताओं में प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर उमा शंकर पांडे, प्रभु नाथ पांडे, मनोज पांडे, नीरज पांडे, देवांश पांडे, कृतज्ञ पांडे बालकृष्ण शुक्ला सहित आदि श्रोता भक्तों ने उपस्थित होकर कथा का रसपान किया।

# दुर्गावती एजूकेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित जिलास्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता संपन्न

अखंड भारत संदेश



**मेजा रोड।** दुर्गावती एजूकेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित जिलास्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन आज दुर्गावती इण्टरनेशन स्कूल एण्ड कॉलेज, चम्पारण इस्टेट गोशौरा कला में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से बच्चों में छिपे आंतरिक गुण एवं प्रतिभा में निखार आता है। छोटे उम्र से ही बच्चे जब मंच पर आकर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करते हैं और सबके बीच प्रदर्शन करते हैं तो उनके अन्दर से डर एवं झिझक समाप्त हो जाता है, फिर वे किसी भी मंच से अपना बेहतर प्रदर्शन करने में पीछे नहीं रहते। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख मेजा प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्रा ने दुर्गावती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन को ऐसे आयोजन कराने हेतु प्रशंसा किया और कहा कि आने वाले समय में मेजाक्षेत्र का नालंदा विश्वविद्यालय बनेगा यह विद्यालय। कार्यक्रम में प्रतिभागियों के निर्णायक मंडल में शामिल मोती लाल नेहरू इंजीनियरिंग कॉलेज की प्रोफेसर डॉ तृप्ति ने कहा कि ग्रामीणांचल में ऐसे आयोजन रोमाचिंत करते हैं और मैं यहाँ आकर अभिभूत हूँ। जबकि दुर्गावती ग्रुप हमें बुलाएगा तो हम अनुभवों से बच्चों को लाभान्वित करने की पुरजोर कोशिश करेगें। कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों का स्वागत दुर्गावती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के चेयरमैन भाजपा नेता सुशील मिश्रा ने किया धन्यवाद ज्ञापन प्रबन्धक डॉ० स्वतंत्र मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में की शुरूआत मुख्य अतिथि के द्वारा द्वीप प्रज्जवलन के साथ किया गया तथा अतिथियों का स्वागत बुके, साल एवं श्रीमद अतिथियों का ने किया और भागवत गीता देकर किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों अजय कुमार तिवारी, तुलसीदास इंजीनियर नित्यानंद उपध्याय, सिद्धान्त तिवारी समाजसेवी, आनन्द चौबे आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के श्रीराम पाण्डेय, विशाखा, श्रीमती ज्योती राय, तनिष्का पाण्डेय, अमित बाजपेयी, सृजन, अंकुर, जुबेरिया रियंका शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश बन रहा उत्तम प्रदेश : विधायक





अखंड भारत संदेश

### कोरांव के पैतिहा में जनसंवाद किसान संगोष्ठी सम्पन्न

**पसना।** कोरांव विधानसभा के सुदूर दक्षिण अंचल में स्थित पैतिहा ग्राम सभा के पंचायत भवन पर आयोजित जनसंवाद एवं किसान संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए क्षेत्रीय विधायक राजमणि कोल ने उक्त उदगार व्यक्त किए। भाजपा सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए उन्होंने कहा कि अब किसानों एवं मजदूरों को केंद्र एवं राज्य सरकार से प्राप्त सहायता राशि का पूरा हिस्सा सीधे उनके खाते में आ रहा है। हर धर्म व जाति की गरीब कन्याओं की शादी का आयोजन सरकार द्वारा किया जा रहा है,और अनुदान की राशि सीधे कन्याओं के बैंक खाते में ट्रांसफर हो रहा है।किसानों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि अब सरकार मोटे अनाज जैसे ज्वार,बाजरा,कोदो आदि की खेती को प्रोत्साहित करते हुए सरकारी क्रय केंद्रों के माध्यम से खरीद सुनिश्चित करेगी।किसानों को सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि आप लोग अपने एंड्रॉयड फोन में किसान ऐप के माध्यम से सरकार की हर योजना का लाभ उठा सकते है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किसान संघ के प्रांत मंत्री भोला सिंह ने ओलावृष्टि से प्रभावित गांवों का अतिशीघ्र सर्वे कराकर किसानों के खाते में क्षतिपूर्ति की जिलाधिकारी से मांग की। कार्यक्रम के आयोजक ग्राम प्रधान पैतिहा मो.सद्दाम ने विधायक के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम का सफल संचालन भाजपा नेता हरेकृष्ण द्विवेदी बबुआन ने किया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विजय शंकर मिश्र, संजय सिंह, रेवती पाल, अखंड पांडेय, बिंद्रा कोल, धीरज सागर, मो जावेद एवम् भारी संख्या ग्रामीण व अल्पसंख्यक समुदाय के लोग उपस्थित रहे।



## शिक्षा के क्षेत्र में गुरु और शिष्य का होता है विशेष महत्त्व

**सहसों।** बच्चों के सर्वांगीणय विकास से ही देश का विकास होता है। बच्चों के शिक्षणेत्तर कार्य में श्रवण शक्ति के विकास से ही देश व समाज का विकास की ओर अग्रसर होता है। बच्चे शिक्षित होंगे तो हर क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे और देश का नाम रोशन करेंगे ग्रामीण अंचल में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। उनकी छिपी हुई प्रतिभा को शिक्षा के माध्यम से ही उजागर होती है। शहरी शिक्षा अगर गांव में ही मिल रही है तो यह अपने आप में एक मिसाल है। शिक्षा के क्षेत्र में गुरु और शिष्य का विशेष महत्व रखता है गुरु को चाहिए कि अपने शिष्य को अच्छी से अच्छी शिक्षा प्रदान करें एवं शिष्य को चाहिए कि अपने गुरुजनों का आदर व सम्मान करते हुए उनकी दी हुई अच्छी शिक्षा को ग्रहण करें। उक्त बातें इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश राहुल चतुर्वेदी ने क्षेत्र के खोदायपुर में प्रयाग पब्लिक स्कूल का फीता काटकर उद्घाटन समारोह में कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे है इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व जनरल सेक्रेट्री बार काउंसलिंग एसी तिवारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह से विद्यालय खुलने से बच्चों के विकास के साथ ही क्षेत्र का विकास होगा एवं होनहार बच्चे निकलकर देश की तरक्की में भागीदार बनेंगे। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य एफ आर हनवी ने भी संबोधित किया और विद्यालय की विशेषताओं का उल्लेख किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक संतोष कुमार मिश्रा ने मुख्य अतिथि व सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राम सुमेर पाल, विष्णु देव यादव, कुंदन सिंह, रामसुमेर जहाजी, समाजसेवी व पूर्व प्रधान पिंटू दूबे, रामअचल, धीरेंद्र सिंह, धीरज पाल, राम खेलावन, विजय सिंह सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा प्रदेश नेतृत्व द्वारा नामित पदाधिकारियों को दी गई बधाई

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** भाजपा कार्यालय सहसों में एक बैठक पूर्व जिला अध्यक्ष गंगापार अमरनाथ तिवारी की अध्यक्षता मे की गई। बैठक में प्रदेश संगठन द्वारा मनोनीत पदाधिकारियों में प्रयागराज से प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल के मनोनीत होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामना दिया गया। इस अवसर पर वीरेन्द्र बहादुर सिंह अध्यक्ष भूमि विकास बैंक फूलपुर व पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार ने कहा कि श्री दिलीप सिंह पटेल जी को क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं अनामिका चौधरी को प्रदेश मंत्री बनाए जाने से राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व को कोटि कोटि बधाई दिया और उज्जवल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर इस अवसर पर अरुणेंद्र यादव डब्बू प्रमुख बहादुरपुर, विपेन्द्र सिंह पटेल प्रमुख फूलपुर , राकेश बहादुर सिंह, गीता सिंह प्रमुख सहसों, अनिल सरोज मंडल अध्यक्ष सहसों, जितेन्द्र पटेल, राजधर द्विवेदी, चन्द्रेश केसरवानी, महामंत्री संजय सिंह, अमन सिंह राजपूत, महेश सिंह, राजेश सरोज, राजेंद्र यादव, अनिल पटेल, सुरेंद्र श्रीवास्तव, रविन्द्र बहादुर सिंह, अंकित, सन्तोष सिंह आदि उपस्थित रहे।

# नवरात्रि में श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर स्वच्छता अभियान चलाया गया

**हरि का घर गन्दा,अपना घर साफ ये मानव तेरा, ये कैसा इंसाफ : कुंवर जी**

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान अरैल नैनी के तत्वाधान में नवरात्रि के पवित्र महीने में रविवार को कार्यक्रम अधिकारी ओम प्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में स्वयं सेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें उन्होंने कहा कि यदि हम अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए स्वच्छता पर ध्यान दें, तो मंदिरों पर कभी भी गंदगी व्याप्त नहीं होंगी। अध्यक्ष संतोष तिवारी ने नवरात्रि पर्व की शुभकामना देते हुए स्वच्छता रखने हेतु अपील की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघचालक दया शंकर ने कहा कि राम से अधिक रामकर दासा यानि गंगा से अधिक गंगा सेवकों का महत्वपूर्ण स्थान है जो कि मां गंगा एवं भोलेनाथ के पवित्र स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाकर आमजन मानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते रहते हैं कार्यक्रम में कुंवर जी तिवारी, धीरज यादव, सुनील मिश्रा, सहदेव चौरसिया, सुनील कुशवाहा, निखिलेश पाण्डेय,ऋषि दीक्षित,डां प्रमोद कुमार मिश्रा, आत्म प्रकाश यादव,डां.एस.बी.यादव, संदीप सिंह, महेश प्रसाद केसरवानी, पुष्पेन्द्र कुमार दुबे,बब्रुवाहन सिंह, गोविंद सिंह, सत्य पाल, प्रवीण तिवारी, समरेंद्र मिश्रा, कुंवर अलख प्रताप सिंह, तुलसी तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत परिसर में दो दिवसीय ईट राइट मिलेट मेला-2023 का आयोजन 27 एवं 28 मार्च को, विभिन्न कार्यक्रमों का भी होगा आयोजन

**प्रयागराज।** जिला पंचायत सभागार एवं प्रांगण में दो दिवसीय ईट राइट मेला-2023 का आयोजन 27 एवं 28 मार्च, 2023 को किया जायेगा। 27 एवं 28 मार्च को श्री अन्न/मिलेट व्यजनों पर आधारित स्टॉल/प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। 27 मार्च को पोषण रैली, पोस्टर, स्लोगन, रंगोली, कुकिंग प्रतियोगिता, विशेषज्ञों द्वारा मिलेट्स आधारित पैनल डिस्कशन किया जायेगा। 28 मार्च को वकाथन रैली/सांस्कृतिक कार्यक्रम व सम्मान/समापन समारोह का आयोजन किया जायेगा। वकाथन रैली शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क से हिंदू हॉस्टल चैराहा मनमोहन पार्क होते हुए जिला पंचायत भवन परिसर में समाप्त होगी। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने दो दिवसीय आयोजित कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित किए जाने एवं कार्यक्रम को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु अधिकारियों के दायित्व निर्धारित किए है। उन्होंने सभी सम्बंधित अधिकारियों को दिए गए निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करते हुए कार्यक्रम को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु निर्देशित किया है।

# विश्व पटल पर होगा श्रृंगवेरपुर का नाम : मंत्री जयवीर सिंह



अखंड भारत संदेश

**श्रृंगवेरपुर, प्रयागराज।** भगवान श्री राम के मित्र निषादराज की जंयती आज रविवार को श्रृंगवेरपुर धाम में मनाई गई। यहां विराट मेले का भी आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा, भगवान श्रीराम एवं निषादराज की मित्रता ऐसा अनुकरणीय उदाहरण है, जो समाज में मित्रता और मानवता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास के मूलमंत्र के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी योजनाओं का लाभ पात्रों को उपलब्ध करा रही है। श्रृंगवेरपुर धाम के विकास के लिए तेजी से कार्य चल रहा है। श्रृंगवेरपुर का नाम विश्व पटल पर होगा।उन्होंने कहा कि श्रृंगवेरपुर धाम में 20 करोड़ 34 लाख 80 हजार रुपए की लागत से निषादराज सांस्कृतिक केंद्र की स्थापना की जाएगी।

### श्रीराम व निषादराज की गले मिलते हुए प्रतिमा तैयार

मत्स्य मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा श्रृंगवेरपुर धाम में कराए जा रहे विकास से संबंधित कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि श्रृंगवेरपुर धाम को पर्यटन स्थल के रूप विकसित किए जाने के साथ-साथ इसके ऐतिहासिक महत्व को विश्व पटल पर लाने हेतु कार्य किए जा रहे है। यह स्थल सामाजिक समरसता की मिसाल है। यहां भगवान श्रीराम एवं निषादराज के गले मिलते हुए 51 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमा का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, जिसका लोकार्पण शीघ्र ही होगा। उन्होंने कहा कि श्रृंगवेरपुर धाम में निषादराज पार्क फेज-2 के पर्यटन विकास के लिए भगवान श्रीराम के निषादराज मिलन से संबंधित चित्रांकन ध्यान केंद्र, केयरटेकर रूम, कैफे टेरिया, पाथ-वे, पेयजल व टॉयलेट ब्लाक आदि का कार्य प्रगति पर है, जिसके पूर्ण हो जाने पर आने वाले पर्यटकों को और अच्छी सुविधाएं मिलेगी। इस मौके पर सांसद संतकबीर नगर प्रवीण कुमार निषाद समेत अन्य लोग शामिल रहे।

### सेंध लगाकर घर से नकदी समेत लाखों के जेवर उड़ाए

**प्रयागराज।** मेजा थाना क्षेत्र में सेंधमारी कर चोरों ने नकदी सहित लाखों का आभूषण गायब कर दिया। गांव में चोरी की वारदात को लेकर दहशत का माहौल है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पीड़ित की तहरीर पर जांच कर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।गांव गुनई गहरपुर के रहने वाले जीरालाल कनौजिया खेती कर परिवार की आजीविका चलाते हैं। रोजाना की तरह बीती रात उनका परिवार खाने के बाद सो गया। इस दौरान रात में चोरों ने दीवार में सेंधमारी कर घर में घुस गए। कमरे से चोरों ने बॉक्स में रखी एक लाख नकदी सहित अलमारी से डेढ़ लाख के जेवर चोरी कर लिए। सुबह होने पर परिजनों ने देखा कि दीवार में सेंध लगी है। परिजन जब कमरे के अंदर गए तो नजारा देख होश उड़ गए।वहीं पहाड़ी इलाके में गए ग्रामीणों ने टूटे बॉक्स और बिखरे कपड़ों को देखा तो परिजनों को जानकारी दी। परिजन बक्से को उठाकर घर ले आये और पुलिस को सूचना दी। पीड़ित ने मेजा थाने में लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। वहीं पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन की सामने आयी फोटो

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** सोशल मीडिया पर एक महिला की फोटो वायरल हो रही है, जिसे उमेश पाल हत्याकांड की आरोपी और अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन का बताया जा रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल फोटो किसी दावत का है। जहां वह खाना खा रही है। 25,000 की इनामी शाइस्ता परवीन को पुलिस तलाश रही हैं, लेकिन अभी तक उसका कुछ पता नहीं चल पाया है। इसलिए उस पर इनाम बढ़ाने की तैयारी चल रही है। प्रयागराज नहीं पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था का माखौल उड़ा देने वाले उमेश पाल हत्याकांड के बाद से चर्चा में आए अतीक अहमद और उसके परिवार पर पुलिस शिकंजा कस रही है। 26 मार्च को एक तरफ जहां अतीक अहमद को साबरमती जेल से पुलिस प्रयागराज लेकर आ रही है, वहीं दूसरी तरफ शाइस्ता परवीन की सोशल मीडिया पर फोटो सामने आई है, जिससे उसे ढूंढने में अब पुलिस को मदद मिलेगी। क्योंकि इससे पहले पुलिस के पास जो फोटो थी वह सब बुर्कानशी थी। जिसकी वजह से उसे पहचानने में दिक्कत आ रही थी। शाइस्ता परवीन के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। जिसमें वह उमेश पाल हत्याकांड में शामिल साबिर और अरमान के साथ दिखी थी। शाइस्ता परवीन उमेश पाल हत्याकांड के 5 दिन बाद ही अंडरग्राउंड हो गई थी। अपने वकीलों के जरिए वह अपने दो नाबालिग बेटों को खोजने के लिए कोर्ट में अर्जियां दे रही थी, लेकिन पुलिस के पास उसकी कोई लोकेशन अभी तक नहीं मिल पाई है। उसकी तलाश में प्रयागराज के अलावा कौशांबी प्रतापगढ़ कछारी इलाकों में पुलिस ने कई जगह छापेमारी की लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। थानाध्यक्ष धूमनगंज राजेश कुमार मौर्या का कहना है कि उन्हें फोटो मिली है। नकाबपोश महिला और इस वायरल फोटो की मिलान कराई जा रही है। कुछ लोगों ने कहा है कि वह शाहिस्ता परवीन ही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

# 120 दिव्यांगजनों को नि:शुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल का किया गया वितरण



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश के द्वारा संचालित योजनान्तर्गत रविवार को जिला पंचायत परिसर में निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि-श्रीमती केशरी देवी पटेल, माननीय सांसद, फूलपुर प्रयागराज, विशिष्ट अतिथि-श्री पीयूष रंजन निषाद, माननीय विधायक, विधानसभा क्षेत्र करछना, डा0 के0पी0 सिंह, श्रीमती निर्मला पासवान, माननीय सदस्य विधान परिषद जनपद-प्रयागराज के साथ गौरव कुमार मुख्य विकास अधिकारी, भोला नाथ कनौजिया जिला विकास अधिकारी, अशोक कुमार मौर्य, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, प्रयागराज उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा अपने कर-कमलों से कुल 120 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल का वितरण कर लाभान्वित कराया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं विभागीय अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी नन्द किशोर याज्ञिक ने दी है।

### हंडिया में बस की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोगों की मौत

**प्रयागराज।** हंडिया में बस की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई ' मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दिया ' सूचना पर पहुंची पुलिस शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया 'घनश्याम बिंद (35) व गंगा जली (32) निवासी पकलोर अपने मोटरसाइकिल से बीती रात हंडिया क्षेत्र के बरौत कस्बा के पास बने छोटेलाल हॉस्पिटल में मरीज को खाना देकर वापस आ रहे थे। उसी समय पिलर नंबर 9 के पास जैसे ही पहुंचे थे, तभी तेज रफ्तार से आ रही रोडवेज बस ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी ' दुर्घटना होने के बाद स्थानीय लोगों की मौके पर भारी-भरकम भीड़ इकट्ठा हो गई और लोगों ने तत्काल दुर्घटना सूचना पुलिस को दिया 'सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों घायलों को उपरदहा स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां पर डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और बस को हिरासत में ले लिया। पुलिस के मुताबिक, परिजनों को सूचित किया गया है। बस की टक्कर से हादसा हुआ है। तहरीर मिलते ही कार्रवाई की जाएगी।

# जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर इलाहाबाद हाईकोर्ट के नये चीफ जस्टिस बने, राज्यपाल ने दिलाई शपथ

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति के रूप में वरिष्ठ न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर को रविवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह चीफ जस्टिस की कोर्ट में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रदेश सरकार की तरफ से मंत्री सुरेश खन्ना, चीफ सेक्रेटरी उत्तर प्रदेश, महाधिवक्ता अजय मिश्रा, अपर महाधिवक्ता एमसी चतुवेर्दी, नीरज त्रिपाठी, मनीष गोयल तथा न्यायिक अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में वरिष्ठ व जूनियर वकील उपस्थित रहे।पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शपथ ग्रहण समारोह ठीक 11:00 बजे चीफ जस्टिस कोर्ट में संपन्न हुआ। शपथ ग्रहण समारोह के बाद राज्यपाल ने सारे जजों से मुलाकात की। राज्यपाल के साथ फोटो सेशन का भी कार्यक्रम संपन्न हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में इलाहाबाद और लखनऊ बेंच के न्यायमूर्ति गण उपस्थित रहे। मुख्य न्यायाधीश के परिवारी जन तथा रिश्तेदार एवं मध्य प्रदेश के कार्यरत जज भी इस समारोह में शामिल हुए।न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर से विधि की पढ़ाई करने के बाद छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में प्रैक्टिस शुरू की थी। 2005 में वह बतौर वरिष्ठ अधिवक्ता नामित हुए थे। इसके बाद 2009 में वह छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में जज बने। 2018 में उनका स्थानांतरण इलाहाबाद हाईकोर्ट कर दिया गया। इलाहाबाद हाईकोर्ट में मुख्य न्यायमूर्ति रहे राजेश बिंदल को सुप्रीम कोर्ट का जज बनाए जाने के बाद वह यहां पर कार्यवाहक मुख्य न्यायमूर्ति नियुक्त हुए। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की संस्तुति के बाद राष्ट्रपति ने उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त किया।

# आरएसएस के स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** नव संवत्सर के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विश्वविद्यालय नगर के स्वयं सेवकों ने रविवार को विशाल पथसंचलन निकाला। घोष की सैनिक धुन के साथ भारत माता की जय एवं वंदे मातरम के जोरदार उद्घोष के बीच शहर की घनी आबादी वाली व्यस्ततम सड़कों से होकर निकला यह पथ संचलन नागरिकों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। लोगों ने जगह जगह फूल बरसा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। कड़कती बिजली और रिमझिम फुहारों के बीच यह पथ संचलन निकला।अपनी धुन के मतवाले स्वयं सेवकों ने लगभग भीगते हुए संचलन में पूरे अनुशासन के साथ भाग लिया। न तो कतार बिगड़ी और न ही किसी ने भीगने से बचने का प्रयास किया। खराब मौसम उनकी राह नहीं रोक सका। पथ संचलन आगे बढ़ता रहा। पूर्व निर्धारित समय के अनुसार सायं चार बजे स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण भरद्वाज आश्रम के रामलीला मैदान में हुआ। वहां पंक्ति बद्ध होकर नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे की प्रार्थना करने के बाद आगे आगे भारत माता की प्रतिमा लिए चल रही



गाड़ी के पीछे भगवा ध्वज थामे स्वयंसेवक एवं घोष टोली के पीछे दंड सहित गणवेश धारी स्वयंसेवकों की दो विशाल पंक्ति पथ संचलन के लिए डट गयी। नगर प्रचारक राज्य वर्धन जी का आदेश मिलते ही संचलन निकल पड़ा। भारत माता के जयकारे के साथ सैनिकों की तरह कदम से कदम मिलाते हुए स्वयं सेवकों की विशाल पंक्ति बालसन चौराहे की ओर आगे बढ़ी। नगर कार्यवाह विभूति जी यातायात नियंत्रित करते हुए हाशिमपुर रोड की ओर संचलन की दिशा मोड़ी। वहां से आनंद भवन होते हुए स्वयं सेवक पुराने कटरे की पतली गलियों से होते हुए युनिवर्सिटी चौराहा पार कर नेतराम चौराहे की ओर आगे बढ़े। चौराहे पर शशि वार्ष्णेय ,गीता विश्वकर्मा, संगीता आदि के नेतृत्व में पहले से खड़ी बहनों की टोली ने भारत माता की जय के जोरदार नारे के साथ संचलन पर पुष्प वर्षा की। यहां से संचलन मनमोहन पार्क की ओर आगे बढ़ा। वहां से विश्व विद्यालय के विज्ञान संकाय के सामने से पुनः युनिवर्सिटी चौराहे से होकर कर्नलगंज थाने से संचलन आगे बढ़ा। पानी से लगभग लथपथ हो चुके स्वयंसेवक पूरे अनुशासन के साथ बालसन चौराहे के पास दीनदयाल उपाध्याय पार्क पहुंचे। प्रांत प्रचार प्रमुख डॉ मुरार जी त्रिपाठी, नगर संघचालक प्रो फूलसिंह, योगेन्द्र, संदीप, सतीश, शुक्ला, नवीन वेदप्रकाश पांडेय, सहनगर कार्यवाह सुधीर, देवी प्रसाद आदि संचलन मे प्रमुख रुप से प्रतिभागी रहे। पंक्तियों में विकिर का आदेश मिलने के बाद संचलन पूर्ण हुआ।

### आरएसएस वर्ष 2025 में मनाएगा शताब्दी वर्ष



**झूंसी।** रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, प्रतिष्ठान पूरी नगर, प्रयाग उत्तर भाग द्वारा पूरे गणवेश के साथ पथ संचलन निकाला गया। प्रांत प्रचारक प्रमुख रामचंद्र ने अपने बौद्धिक उद्बोधन के दौरान कहा कि वर्ष 2025 में आरएसएस का सौ वर्ष पूरा होने जा रहा है। इस दौरान सभी बस्ती, नगर, गांव व मंडल में शाखा लगे। वहां से विस्तारक व प्रचारक निकलकर समाज को आगे ले जाने का काम करें। अर्जुन शाखा से पथ संचलन कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। यह आवास विकास कॉलोनी होते हुए छतनाग रोड, जीटी रोड, पुलिस बूथ व लाल चौक होते हुए वापस अर्जुन शाखा में कार्यक्रम का समापन किया गया। स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह के साथ पथ संचलन कार्यक्रम में भाग लिया। रास्ते में नगर वासियों के द्वारा स्वयं सेवकों पर फूलों की वर्षा किया गया। इस मौके पर जिला प्रचारक बृजेश, भाग कार्यवाह मुकेश, नगर संघ चालक रवि शंकर, भाग शारीरिक प्रमुख राजेश, नगर कार्यवाह प्रतिष्ठान पूरी राजेश, बौद्धिक प्रमुख सुधेंद्रु, डॉ सौमित्र, डॉ अजय, रूद्रेश, पिंटू नेता, संजय बनकटा, सुरेंद्र, रवि, धर्मेश्वर, रविंद्र, दिनेश, अनिल आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### हंडिया में कपड़े की दुकान से लाखों की चोरी



**प्रयागराज।** सैदाबाद बाजार में मक्खन जायसवाल की कपड़े की दुकान है। रोज की तरह मक्खन व दुकान में काम कर रहे नौकर रात के समय दुकान को बंद करके सोने चले गए। रात में खड़खड़ाहट की आवाज सुनकर मक्खन का परिवार नींद से जागा, लेकिन चोरों ने सभी के कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया था, ताकि कोई बाहर ना निकल पाए। जानकारी होने पर पड़ोसियों ने बाहर से बंद दरवाजा खोला तो दुकान मालिक बाहर आए। दुकान के अंदर जाकर देखा तो दुकान के अंदर रखे पांच लाख 25 हजार की नकदी चोर पिछले दरवाजे से लेकर रफूचक्कर हो चुके थे, जिसके बाद पीड़ित ने घटना की जानकारी पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस कार्रवाई में जुटी है।

### पिता भाई के सामने युवती का अपहरण, शिकायत

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र में एक युवती के अपहरण का मामला प्रकाश में आया है। बाइक सवार युवक दिनदहाड़े अन्दाव से पिता, भाई के सामने युवती को उठा ले गए। पीड़ित सरायइनायत व झूंसी थाने का चक्कर लगाता रहा पर किसी ने नही सुनी। वही झूंसी पुलिस ने मामले में अनभिज्ञता जाहिर की। थरवई थाना क्षेत्र के मेंडुआ निवासी भोलानाथ विश्वकर्मा ने झूंसी पुलिस लिखित शिकायत करते हुए बताया कि वह अपने बेटे प्रदीप व बेटी सुशील के साथ रविवार को आटो से निरंकारी समागम में जा रहा था अन्दाव में सरायइनायत के सरपतीपुर का एक युवक अपने चार पांच साथियो के साथ बाइक से आया और जबरन युवती को उठा ले गया। पीड़ित पिता पहले सरायइनायत गया सरायइनायत पुलिस तत्काल कार्यवाही के बजाय यह कह कर टरका दिया कि मामला झूंसी का है। पीड़ित ने झूंसी थाने में एक नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफ लिखित तहरीर दी। मामले में झूंसी इंस्पेक्टर वैभव सिंह ने अनभिज्ञता जाहिर की।

### पार्टी में आए युवक के पास मिली अवैध पिस्टल

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र में शनिवार को एक पार्टी में शामिल होने आए करछना के मंगला उर्फ मुकेश पासी के पास से एक अवैध पिस्टल मिली पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। चर्चा है कि पकड़ा गया युवक उस्तापुर में कुछ लोग एक प्लाट पर कब्जा करने आया था तभी सेना के एक जवान ने उसे पकड़ पुलिस को सौप दिया। उस्तापुर निवासी जयशंकर पैरा कमांडो है। उन्होंने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुए बताया कि कुछ लोग उसकी जमीन पर कब्जा करने आए थे जिसमें करछना के खाई गांव का मुकेश पासी भी शामिल था उसे जयशंकर ने पकड़ा तो उसके पास से एक अवैध पिस्टल व कारतूस मिला। पकड़े गए युवक को पुलिस को सौप दिया गया। पकड़े गए युवक के खिलाफ करछना, मेजा, लालापुर में भी मुकदमा पंजीकृत है। जिसे पुलिस ने रविवार को जेल भेज दिया मामले में झूंसी इंस्पेक्टर का कहना है कि पकड़ा गया युवक पार्टी में शामिल होने आया था।

### कांग्रेसियों ने किया संकल्प सत्याग्रह

**प्रयागराज।** शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से आज रविवार को राष्ट्रीय आह्वान के तहत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थल पर संकल्प सत्याग्रह किया गया। राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द करने और उनके सवालों का जवाब देने के बजाय निरर्थक मुद्दों पर ध्यान भटकाने के मोदी सरकार के विरोध में कांग्रेसजनों ने संकल्प सत्याग्रह किया।शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन ने कहा कि जिस तरह से राहुल गांधी को एक मनगढ़ंत मानहानि मुकदमे में दो साल की सजा सुनाई गई और 24 घंटे नहीं बीते थे लोकसभा अध्यक्ष ने उनकी लोकसभा के सदस्यता को आनन-फानन में निरस्त कर दिया। इससे यह प्रतीत होता है की भारत में लोकतंत्र खतरे में है। ऐसा भी प्रतीत होता है कि भारत में अघोषित आपातकाल लगा हुआ है। राहुल गांधी लगातार महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ती हुई नफरत के विरुद्ध आवाज उठा रहे थे। उन्होंने लगभग चार हजार किलोमीटर की पदयात्रा की इससे मोदी सरकार घबरा गई है।

# किशोर विद्यार्थियों की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**सात्विक साधनों द्वारा लक्ष्य सिद्धि का नाम है गांधी: कृष्ण स्वरूप आनंदी**

**आधुनिक भारत निर्माण की बुनियाद हैं गांधी : प्रो. संतोष भदौरिया**

**सच्ची राष्ट्रीयता गांधी मार्ग से ही संभव है: प्रो. एस. आई. रिजवी**




**प्रयागराज।** गांधी विचार एवं शांति अध्ययन संस्थान, इलाहाबाद विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय किशोर विद्यार्थी कार्यशाला के उद्घाटन-सत्र में वक्ताओं ने बच्चों की भाषा में बच्चों की तरह सरल सहज ढंग से गांधी जी को याद किया। संस्थान के निदेशक प्रो. संतोष भदौरिया स्वागत वक्तव्य देते हुए कार्यशाला के उद्देश्यों और इसकी पूरी प्रक्रिया से अवगत कराया। उद्घाटन सत्र के बाद सुपरिचित मनोचिकित्सक मालविका राव ने 'सकारात्मक सोच और तनाव प्रबंधन' विषय पर प्रतिभागी बच्चों से बातें साझा की। बच्चों की प्रतिक्रिया सुनी और उन्हें तनाव मुक्त रखने के कई तरीकों से परिचित कराया। पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के जरिए मालविका राव ने किशोर विद्यार्थियों की तमाम जटिलताओं को सुलझाया। इस सत्र का संयोजन और संचालन डॉ. अमृता ने किया।भोजनावकाश के बाद प्रतिभागियों ने दृश्य कला विभाग के वरिष्ठ शोधार्थी धर्मेंद्र कुमार के निर्देशन में 'गांधी के सपनों का भारत' विषय पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में अपनी कला का प्रदर्शन किया। धर्मेंद्र ने कला के लिए ध्यान को जरूरी बताया और ध्यान हेतु कुछ अभ्यास भी कराये। पोस्टर निर्माण के बाद लघु फि ल्म प्रदर्शन और बच्चों के बीच समूह चर्चा आयोजित की गई। इस सत्र का संयोजन हिंदी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग के डॉ.सुनील कुमार सुधांशु ने किया। अपने वक्तव्य में उन्होंने समूह चर्चा की उपयोगिता और गांधी जी के जीवन से जुड़ी घटनाओं को चलचित्रों के जरिए व्याख्यायित किया।कार्यशाला के उद्घाटन-सत्र में गांधीवादी चिंतक डॉ. कृष्ण स्वरूप आनंदी ने कहा कि गांधी जी के सत्य, सत्याग्रह और जन सिद्धांतों के विविध आयामों को सबसे अधिक किसी को जानने की जरूरत है तो वह युवा हैं। युवाओं से बड़ी उम्मीदें हैं। हम सबको गांधी जी के जीवन से जुड़े झूठ, मिथक और भ्रांतियों को खारिज करना होगा। उन्होंने कहा कि इस दौर में गांधी को समझने की जरूरत बढ़ चुकी है। जीवन में धारण करने से गांधी जीवंत होंगे। क्रांतिकारिता के दूसरे नाम हैं गांधी। जीवन में सत्य के लिए आग्रह बेहद जरूरी है। मुख्य अतिथि प्रो. सैयद इब्राहिम रिजवी ने कहा कि इस कार्यशाला में शहर के विभिन्न इंटर कॉलेजों से उपस्थित यह 25 बच्चे देश के सुंदर गुलदस्ते हैं। कहा कि हमें सोचना है समय के बारे में, समाज के बारे में। सुभाष बाबू ने गांधी को राष्ट्रपिता यूं ही नहीं कहा था, दरअसल गांधी राष्ट्र की साझी विरासत के प्रतीक पुरुष हैं। अपने धार्मिक जातीय पहचान को पीछे रखकर राष्ट्र को सामने रखने का सूत्र गांधी जी के यहां मौजूद है। गांधी संस्थान के निदेशक प्रो. संतोष भदौरिया ने बताया कि इस तरह का आयोजन विश्वविद्यालय स्तर पर संभवतः पहली बार हो रहा है, जिसमें इंटर कॉलेज के विद्यार्थी विश्वविद्यालय परिसर में आकर दो दिन की कार्यशाला में प्रतिभाग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य ही है बच्चों की दुनिया में गांधी का सच्चा और सरल रूप पहुंचे।उन्होंने गांधी के जीवन की कई घटनाओं का उल्लेख करते हुए उनकी निर्भयता की चर्चा की।उन्होंने कहा कि दरअसल आधुनिक भारत के निर्माण की बुनियाद हैं गांधी ।इस सत्र का संचालन डॉ. तोषी आनंद ने किया। डॉ. सुरेंद्र कुमार ने आज के दिन के समस्त कार्यक्रमों के प्रति विषय विशेषज्ञों, अतिथियों और विद्यार्थियों का धन्यवाद किया।इस कार्यशाला में अनुवाद अधिकारी हरिओम कुमार, पोस्ट डॉक्टोरल फेलो डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह तथा शोधार्थी धर्मवीर, राहुल, श्रृष्टि, श्वेता, अभिषेक, दिव्या,प्रतिमा, करन सिंह परिहार और संस्थान के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

# शुआट्स में सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का आयोजन

**प्रयागराज।** स्वास्थ्य विज्ञान संकाय, शुआट्स, प्रयागराज में एक सप्ताह का एनएसएस विशेष शिविर आयोजित हुआ जिसमे शुआट्स के विभिन्न विभागों के सौ से अधिक एनएसएस स्वयंसेवकों ने इस विशेष शिविर के लिए नामांकन किया। विशेष शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेवकों के बीच निःस्वार्थ सेवा और स्वैच्छिक कार्य की भावना पैदा करना था। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. सपना एस.लाल ने की प्रार्थना की। एनएसएस के उप समन्वयक शुआट्स, सत्यम कुमार केसरी ने उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. एस.डी. मेकार्टी, कार्यवाहक रजिस्ट्रार, शुआट्स का स्वागत किया। डॉ दीपक कुमार बोस, एनएसएस समन्वयक ने मुख्य अतिथि को गुलदस्ता और शॉल भेंट किया और विशेष शिविर के उद्देश्य के बारे में बताया। मुख्य अतिथि ने शुआट्स में अपने समय के एनएसएस शिविर की यादों को साझा किया और छात्रों को सामुदायिक सेवा के माध्यम से देश की सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रो. (डॉ.) वीरू प्रसाद, डीन, विज्ञान संकाय ने एनएसएस स्वयंसेवकों को अपने शब्दों से प्रोत्साहित किया और स्वयं प्रतिज्ञा सेवाओं पर ध्यान केंद्रित करने की बात कही। इसी क्रम में 23 मार्च 2023 को काल्विन अस्पताल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 72 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। एनएसएस स्वयंसेवकों ने इंदलपुर और शिंगवीरपुर गांवों का भी दौरा किया और गांव सर्वेक्षण कार्य पूरा किया। समापन सत्र में डॉ. विष्णु अग्रवाल, प्रोफेसर, एमएलएनआईटी मुख्य अतिथि थे और डॉ. नेकराम रावल, एसोसिएट प्रोफेसर, एमएलएनआईटी, प्रयागराज सम्मानित अतिथि थे, उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित किया। धन्यवाद ज्ञापन श्री सत्यम केसरी ने किया। उन्होंने साझा किया कि एनएसएस के विशेष शिविर के अंतिम दिन राष्ट्रीय शिविर जयपुर में शानदार प्रदर्शन करने वाली एनएसएस की स्वयंसेवी शांभवी राज, खुशबू रानी, ??इशिता को पुरस्कार और पदक से सम्मानित किया गया है। शिविर में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनूप मसीह, डॉ. हीरा बोस, डॉ. अनीशा वर्मा, डॉ. मुकेश कुमार मौर्य, डॉ. कमीन एलेक्जेंडर व डॉ. अंकुर जैन, डॉ. भावना सिंह घोष मौजूद रहे।

# बेल्हा देवी घाटों पर बहती रही आस्था गोस्वामी की सुरों की रसधार

## वृंदावन से आई भजन गायिका ने लोगों को किया आत्म विभोर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर में बेल्हा देवी मंदिर के बगल से बहने वाली सई नदी के किनारे वृंदावन से आई देष की लब्ध प्रतिष्ठित भजन गायिका आस्था गोस्वामी के सुरों की गंगा कल देर रात तक बहती रही जिसमें घाटों पर बैठे शहर के प्रतिष्ठित लोग तथा श्रद्धालु भाव विभोर होकर इस भजन संध्या का आनंद उठाया।

भजन गायिका ने एक के बाद एक ऐसे भजन सुनाया कि विधायक, अधिकारी, श्रोतागण घंटों मंत्रमुग्ध होकर आनंद उठाते रहे। शनिवार की शाम सूरज ढलते ही भजन गायिका आस्था कार्यक्रम में पहुंच गई थी। वह अपनी मां बेवा के साथ वृंदावन से प्रतापगढ़ आई थी। लोक एवं जनजाति कला एवं संस्कृति संस्थान लखनऊ द्वारा आयोजित इस भजन संध्या में संस्कार भारती का सहयोग सराहनीय रहा जिसके आमंत्रण पर आस्था गोस्वामी बेल्हा देवी मंदिर देर शाम पहुंच गई थीं। उन्होंने सबसे पहले मां बेल्हा देवी को प्रणाम कर भगवान गजानन की वंदना से अपने सुरों को झंकरित करना शुरू किया। अनंद कर नाचत गणपति....। नटवर नागर नंदा भदो से नंद गोविन्दा....। तुलसीदास की चैपाई राधा बड़ी और नदियों में गंगा....। इस तरह के भक्ति गीतों से लोगों के मनोभाव को झंकरित कर आत्मविभोर कर दिया। शनिवार की रात 7.45 बजे माइक संभाला तो नौ बजे तक भजन गायिका आस्था गोस्वामी की सुरों की तान गूंजती रही। इस मौके पर मुख्य अधिकारी राजीव कुमार, मंदिर के उप प्रबंधक प्रमोद मुन्ना के अलावा मनीष केसरवानी, अष्विनी केसरवानी, संगीतज्ञ षिवानी मातनहेलिया, बृजभान सिंह, श्याम सुंदर टाऊ, डा0 सौरभ पाण्डेय, ओम प्रकाष त्रिपाठी, रतन जैन, मंजीत सिंह जनों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डा0 पीयूषकांत शर्मा व अनूप उपाध्याय ने किया। इस दौरान षिषिर खरे ने भजन गायिका को मां बेल्हा देवी का बड़ा चित्र भेंट किया। प्रारंभ में स्थानीय कलाकार राजवेणु ने भी भजन सुनाया। हारमोनियम पर



भजन गायिका को मां बेल्हा देवी का चित्र भेंट करते आयोजकगण व कार्यक्रम में मौजूद सदर विधायक व अन्य।

ठुमक चलत रामचंद्र बाजत बैजबनिया....। इसके अलावा उन्होंने बेल्हा माई की भी वंदना की। अरे अम्बे चंदन की चौकी....महरानी बनी ज्ञानी। इसके अलावा सब गोपियन में अतिथि के रुप में मौजूद सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां हमें अपनी जड़ों व पुरानी परंपराओं से जुड़ने में मदद करती है। इसके अलावा समाज कल्याण गोविन्द, पं0 आलोक मिश्रा, कवि प्रभाकर सत्येन्द्र मृदुल समेत बड़ी संख्या में श्रोताओं ने देर रात तक इसका आनंद उठाया। प्रारंभ में संस्कार भारती के षिषिर खरे ने भजन गायिका तथा उपस्थित अनुराग मिश्रा व तबले पर डा0 विनोद कुमार मिश्र व मरकज पर सूर्य प्रकाष मिश्र की संगत से आस्था का हर भजन श्रोताओं के मन को आनंदित करने में कारगर हुआ।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चो ने बांधा समा

## कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल का धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रविवार को क्षेत्र के रानीगंज कैथौला स्थित कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय की अपूर्वा, आराध्या, शिवांश व साहिल समेत कई छात्र-छात्राओं ने देश भक्ति,शिव तांडव व कौव्वाली समेत कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेकर सुंदर प्रस्तुतियां की।बच्चो की सुंदर प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में समा बांध दिया। अभिभावक समेत क्षेत्र के आए लोगो ने छात्र व छात्राओं की प्रतिभा की खूब जमकर सराहना की।

कार्यक्रम के पूर्व मुख्य अतिथि एसजेएस ग्रुप के प्रबंध निदेशक रमेश बहादुर सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया। इस दौरान श्री सिंह ने ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के विद्यालय को स्थापित करने के लिए संस्थापक अनिल सिंह छोटे को धन्यवाद दिया।श्री सिंह ने कहा की जिस शिक्षा के लिए बच्चो को शहरी इलाकों में जाना पड़ता था वह आज ग्रामीण क्षेत्रों में मिल रही है। शिक्षा ही समाज के साथ ही देश के भविष्य को नया रूप दे सकती है। आज के युग में तकनीकी शिक्षा पर अधिक महत्व देने की जरूरत है। स्कूल के प्रबंधक नीतेश सिंह ने मुख्य



वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

अतिथि को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य कोयना तिवारी व स्कूल के संरक्षक आशीष सिंह ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन हरिबहुदुर हर्ष ने किया। इस मौके पर हरकेश बहादुर सिंह, बड़े लाल सिंह, सतीश गौड़, प्रमोद सिंह बाबा, अनुभव गौड़, रामचंद्र तिवारी, संकठा सिंह, जयसिंह, सुनील, भैयाराम तिवारी, सुंदर पटेल समेत क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# रामपुर खास में विकास का माडल है प्रेरणास्रोत: गिंडलानी

## छत्तीसगढ़ सिंधी अकादमी के चेयरमैन का कांग्रेसियों ने किया गर्मजोशी से स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर रविवार को छत्तीसगढ़ सरकार के छत्तीसगढ़ सिंधी अकादमी के चेयरमैन रामगिंडलानी के पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। गिंडलानी ने पर्यटन स्थली बाबा घुइसरनाथधाम में मत्था टेकने के बाद विधायक के कैम्प कार्यालय पहुंचे।

यहां कार्यकर्ताओं ने प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्रा के नेतृत्व में उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। यहां कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए गिंडलानी ने कहा कि कांग्रेस की छत्तीसगढ़ सरकार वहां किसानों को फसल पर न्यूनतम समर्थन मूल्य देने के साथ पशु पालन को बढ़ावा देने के लिए गोबर तथा गौमूत्र की सरकारी खरीद की देश को नजीर दिये हुए है। उन्होंने रामपुर खास में क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के द्वारा कराये गये विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यहां का विकास कई प्रदेशों के विधानसभा क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणा की स्रोत बन गयी है। राहुल गांधी के संसद की सदस्यता के समाप्त होने को लेकर रामगिंडलानी ने कहा कि मोदी सरकार संसद में विपक्ष की आवाज को पूरी तरह खत्म करने पर आमादा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से राहुल गांधी के समर्थन में देश में प्रजातंत्र को बचाने के लिए संघर्ष की धार तेज करने को कहा। उनके साथ आये रवि ग्वालानी ने भी कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया। बैठक की अध्यक्षता चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने किया। इस मौके पर छोटे लाल सरोज, बृजेश द्विवेदी, विनय पाण्डेय, शास्त्री सौरभ, त्रिभू तिवारी, सोनू मिश्रा, रिंकू धुरिया, रामप्रकाश प्रजापति, रामबोध शुक्ल, फक्कड़ पाण्डेय आदि रहे।

# प्रतिष्ठान में आगजनी से लाखों की सम्पदा हुई खाक

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर की बाजार में शनिवार की रात प्रतिष्ठान में अचानक अज्ञात कारणों से आग लग जाने से लाखों की सम्पदा जलकर नष्ट हो गयी। नेशनल हाई-वे की बाजार में प्रतिष्ठान में आगजनी की घटना को लेकर आधी रात तक अफरा तफरी का माहौल बना दिखा। स्थानीय व्यापारियों के प्रयास के साथ पुलिस एवं फायर ब्रिगेड के द्वारा दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर किसी तरह नियंत्रण हो सका। हालांकि फायर ब्रिगेड सूचना के बावजूद घटना के करीब बीस मिनट बाद मौके पर पहुंच सकी। इसे लेकर व्यापारियों में गुस्सा भी देखा गया।

बाजार में लालगंज प्रतापगढ़ रोड पर मस्जिद के सामने स्व. हरिहर प्रसाद मोदनवाल के पुत्र व्यापारी रज्जू मोदनवाल ने जनरल स्टोर तथा गिफ्ट सेन्टर खोल रखा है। शनिवार की रात रज्जू परिवार के साथ दुकान बंद कर दूसरी मंजिल पर खाने पीने चले गये। रात करीब सवा दस बजे दुकान के अन्दर से धुंआ उठता देख आस पास के व्यापारी चीखने चिल्लाने लगे।

नीचे शोरशराबा सुन पीड़ित व्यापारी रज्जू भी बदहवास दुकान के सामने पहुंचा। इस बीच दुकान के अन्दर आग धधक कर जलने लगी। आग पर काबू पाने के लिए व्यापारियों ने समरसेबल से पानी छोड़ना शुरू किया। इस बीच फायर ब्रिगेड को सूचना दी गयी। फोन पर कई बार प्रयास के बाद जब सम्पर्क नहीं हो सका तो कुछ लोग बाइक से फायर ब्रिगेड मुख्यालय पहुंचे। तब फायर ब्रिगेड का दस्ता मौके पर पहुंचा। जानकारी मिलने पर कोतवाल कमलेश पाल भी भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये। इस बीच पुलिस ने नेशनल हाईवे पर स्टेट बैंक के पास तथा चैक एरिया में भारी वाहनों को रूकवाया। कुछ वाहनों का रूट डायवर्जन भी कराया गया। बीच बीच में बिजली गुल होने से भी आग बुझाने में मशक्कत कर रहे व्यापारियों को गुस्से में देखा गया। हालांकि पुलिस ने बिजली विभाग से सम्पर्क कर आपूर्ति चालू करवाया। आगजनी में दुकान में रखे लगभग दस लाख से अधिक के कीमती सौन्दर्य प्रसाधन तथा कीमती सामान जलकर नष्ट हो गये।

# राहुल गांधी के समर्थन में कांग्रेसियों ने किया संकल्प सत्याग्रह

## कम्पनी गार्डेन में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने बैठे

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे के निर्देश पर आज जिला कांग्रेस कमेटी प्रतापगढ़ के पदाधिकारियों ने राहुल गांधी के समर्थन में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक नगर के कंपनी गार्डेन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने बैठकर संकल्प सत्याग्रह किया।

मौजूद कांग्रेसियों ने रघुपति राघव राजाराम, पतित पावन सीताराम, ईश्वर अल्लाह तेरो





महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने बैठकर सत्याग्रह करते कांग्रेसी।

नाम, सबको सन्मति दे भगवान गाकर मोदी सरकार को सत्य, अहिंसा एवं न्याय के रास्ते पर चलने को प्रेरित कर आईना दिखाया। संकल्प सत्याग्रह को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ लालजी त्रिपाठी ने कहा कि जनता की आवाज को उठाने वाले राहुल गांधी की संसद से सदस्यता रद्द की गई जबकि उन्होंने सिर्फ संसद में अदानी की 20 हजार करोड़ की लूट के लिए जेपीसी जांच की मांग की थी।

यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि आखिर अडानी की कंपनियों को दिए गए 20 हजार करोड़ रुपए किसके हैं सिर्फ यही जवाब मोदी जी संसद में दे दें। नगर अध्यक्ष इरफान अली ने सवाल किया कि भ्रष्टाचार की आवाज उठा रहे राहुल गांधी पर पूरी सत्ता का हमला क्यों हो रहा है आखिर राहुल गांधी से मोदी सरकार इतनी भयभीत क्यों हो गई है जो उनकी संसद की सदस्यता रद्द कराने की साजिश करनी पड़ी। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पीसीसी सदस्य नरसिंह प्रकाश मिश्रा,पीसीसी सदस्य कपिल द्विवेदी,कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला, पीसीसी सदस्य रोहित कुमार शुक्ला, कोषाध्यक्ष एवं कार्यालय प्रभारी वेदांत तिवारी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम शिरोमणि वर्मा, आफाक अहमद, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरोज कश्यप, एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष उत्सव भूषण पाल, पूर्व प्रत्याशी पट्टी विधानसभा सुनीता पटेल, पीसीसी सदस्य दिलीप गौतम,पीसीसी सदस्य दानिश माबूद,जमुना प्रसाद पांडेय,रामरतन तिवारी, ज्योत कुमार तिवारी गल्ली, अभय किशोर त्रिपाठी, संजय इस्तियाक, सलीम उल्ला, श्याम शंकर तिवारी, मो बिलाल, अजित सिंह, बबलू दुबे, सुभाष तिवारी, सोनी तिवारी, शहजाद अहमद, मोनू मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट, बवाल और आगजनी से मचा हड़कंप

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जेठवारा थाना क्षेत्र के छोटे बाबू यादव और अरविंद यादव के बीच जमीन का विवाद चल रहा है। आज अरविंद यादव पक्ष के दर्जनों लोग छोटे लाल के दरवाजे पर चढ़कर मारपीट किये जिसके बाद दूसरे पक्ष के लोग भी एकत्रित हो गए और तोड़फोड़, पत्थरबाजी व आगजनी किये। इस बवाल में छोटे बाबू यादव का ट्रैक्टर व दूसरे पक्ष के धर्मेन्द्र व अरविंद का छप्पर में आग लगा दिया गया जिससे वह जलने लगा।

जेठवारा कोतवाली इलाके के पूरे सुखदेव सादुल्लापुर गांव का है जहां छोटे बाबू यादव और अरविंद यादव के बीच जमीन का विवाद चल रहा है। आज अरविंद यादव पक्ष के दर्जनों लोग छोटे लाल के दरवाजे पर चढ़कर मारपीट किये जिसके बाद दूसरे पक्ष के लोग भी एकत्रित हो गए और तोड़फोड़, पत्थरबाजी व आगजनी किये। इस बवाल में छोटे बाबू यादव का ट्रैक्टर व दूसरे पक्ष के धर्मेन्द्र व अरविंद का छप्पर में आग लगा दिया गया जिससे वह जलने लगा। मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक। रोहित मिश्र के अलावा सीओ सदर के अलावा फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियो ने जल रहे छप्पर में रखे गैस सिलेंडर देखा तो उसे हटाने के बाद जगह-जगह लगी आज पर काबू पाने के लिए करीब 3 घंटे तक कड़ी मशक्कत किया। हालांकि बाद में फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया। वही आगजनी, बवाल के बाद घर के पुरुष वर्ग के सभी लोग फरार हो गए पुलिस अफसरों ने बताया कि गांव मैं तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है और दोनों पक्ष से तीन महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## अस्पताल में अराजकतत्वों ने की मारपीट व तोड़फोड़, एक गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सीएससी संडवा चंद्रिका के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का बीती रात कुछ अराजक तत्वों द्वारा सरकारी हॉस्पिटल में जबरन घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ किया गया जिसके संबंध में संबंधित थाना अंतू में गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है, पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचने पर सभी लोग भाग गए और एक व्यक्ति को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। चिकित्सकों का कहना है कि रात्रि में एक एक्सीडेंट होने के बाद यह लोग इलाज करने में व्यवधान उत्पन्न कर रहे थे जिस के संबंध में उपरोक्त लोगों को रोका गया कि सरकारी कार्य में व्यवधान उत्पन्न ना करें और मरीज का इलाज करने दें लेकिन उपरोक्त लोगों ने अपने दबंगई और सरहंगई के बल पर डॉक्टर के साथ मारपीट किए और तोड़फोड़ किए।

# सरकार दिव्यांग जनों के कल्याण के लिए कटिबद्धः सांसद

## 140 दिव्यांग जनों को सांसद, विधायक ने वितरित किया मोटराइज्ड ट्राई साइकिल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग प्रतापगढ़ द्वारा प्रयास राजकीय अक्षम विद्यालय बढ़नी प्रतापगढ़ में दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल का वितरण कैंप आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद संगम लाल गुप्ता, विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्रा एवं सदर विधायक राजेंद्र कुमार व विश्वनाथगंज विधायक जीतलाल पटेल की धर्मपत्नी रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथिगणों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सांसद संगम लाल ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के घोषणा के क्रम में आज दिव्यांगजनों को निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राई साइकिल का वितरण किया जा रहा है। सरकार दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही हैं आप सभी योजनाओं का लाभ उठाएं। भाजपा जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्रा ने कहा कि हमारी सरकार की नीति है की हर व्यक्ति को पात्रता के आधार पर लाभ मिले और यह लाभ अंतिम





दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते सांसद, विधायक व अन्य।

पायदान तक रह रहे व्यक्ति तक पहुंचे। विधायक सदर राजेंद्र कुमार मौर्य ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ उठाएं और कोई भी समस्या हो तो हम सब उसका निराकरण करने के लिए तत्पर रहेंगे। आज कुल 140 मोटराइज्ड ट्राई साइकिल दिव्यांगजनों को वितरण किया गया। कार्यक्रम अतिथियों का स्वागत जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सच्चिदानंद तिवारी एवं जिला दिव्यांग बंधु के सदस्य समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य द्वारा किया गया एवं संचालन शासकीय अधिवक्ता विवेक उपाध्याय द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक विश्वनाथगंज की पत्नी प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित रही। इस अवसर पर भाजपा मीडिया प्रभारी राघवेंद्र शुक्ला, दिव्यांग बंधु के सदस्य रोशनलाल उमरवैश्य, अनिरुद्ध तिवारी, हर्ष सिंह, राकेश, सुशील मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## आरोपी के खिलाफ मारपीट व तोड़फोड़ का केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज पुलिस ने मजदूर के साथ मारपीट तथा तोड़फोड़ को लेकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। गौखाड़ी निवासी विनोद यादव पुत्र रामसुमेर ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती बाइस मार्च को सुबह नौ बजे वह घर से असैनापुर गांव मजदूरी करने जा रहा था। असैनापुर गांव के समीप ट्यूबवेल के पास मिले असैनापुर के पन्ने लाल वर्मा उर्फ शैलेश पुत्र बृजलाल ने उसे गांव में मजदूरी करने को लेकर गाली दी। मना करने पर आरोपी ने हॉकी से हमला कर पीड़ित को चोटहिल कर दिया। लोग जुटने लगे तो आरोपी जानलेवा धमकी देते चला गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शनिवार की रात आरोपी शैलेश के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## नदी में नहाने गये मासूम की डूबने से मौत

**प्रतापगढ़।** सई नदी में नहाते वक्त 8 वर्षीय मासूम की डूबने से मौत हो गई। मासूम की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। नगर कोतवाली क्षेत्र के पूर्वी सहोदरपुर के राजेन्द्र गौड़ का 8 वर्षीय बेटे यश अपने दोस्तों के साथ साइकिल से सई नदी नहाने गया था। इस दौरान नहाते समय वह नदी में डूब गया। इसकी जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय गोताखोरों की मदद से उसके शव को नदी से बाहर निकाला गया। उसके मौत पर घर में कोहराम मचा हुआ है।

# एनएसएस शिविर से स्वयं सेवकों में होता है सर्वांगीण विकासः प्रो0 चंद्र प्रकाश

## हेमवती नंदन बहुगुणा में सात दिवसीय एनएसएस षिविर का हुआ शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** हेमवती नंदन बहुगुणा पी जी कालेज लालगंज प्रतापगढ़ में सप्तदिवसीय शिविर का उद्घाटन मां सरस्वती के अर्चन बन्दन से प्रारंभ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप पधारे राजकीय पी जी कालेज सांगीपुर के प्राचार्य-प्रोफेसर चन्द्र प्रकाश ने अपने उद्बोधन मे कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक को जहां जीवन जीने की कला सिखाती है, वहीं उनका सर्वोत्तम सर्वांगीण विकास भी करती है। अध्यक्षता कर रहे प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार मिश्र ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना आज की बड़ी मांग हैं, जिससे स्वयंसेवक स्वयं से लेकर समाज को एक नई दिशा दिखाने में सर्वोत्तम भूमिका अदा कर रहा है। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर ऋचा सुकुमार ने कहा कि स्वयंसेवक बनना आसान है लेकिन सेवा करना बड़ा कठिन है, इस लिये सेवक बन कर रहना है। डॉ निशान्त पांडे, डॉ वाचस्पति मिश्र, डॉ जितेंद्र जी, डॉ शिवकुमार, डॉ अभिषेक पांडे, डॉ संतोष मिश्र, डॉ गंगाधर मिश्र, डॉ श्याम नारायण तिवारी डॉ प्रियंका शुक्ला, अरविंद मौर्या, मयंक सिंह, वज्र घोष ओझा, गोविंद आदि ने शिविरार्थियों को अग्रणी बनने की प्रेरणा दी।



हेमवती नंदन बहुगुणा में आयोजित एनएसएस शिविर में मौजूद अतिथिगण व प्राचार्य।

## शिविर में राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर दी गई जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पीबीपीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के चैथे दिन के प्रथम सत्र में कार्यक्रमाधिकारी डॉ कुलदीप सिंह ने बताया की राष्ट्र निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने भारत में युवाओं से सम्बन्धित प्रमुख समस्याओं व चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों के अनुशासित जीवन पर बल दिया। द्वितीय सत्र में कार्यक्रमाधिकारी प्रणव ओझा ने छात्रों को व्यक्तित्व विकास के लिए प्रोत्साहित करते हुए मानवीय मूल्यों की सामाजिक उपयोगिता पर चर्चा की। कार्यक्रमाधिकारी डॉ धर्मेंद्र सिंह ने मंच का संचालन किया तथा कार्यक्रमाधिकारी डॉ नीरज त्रिपाठी ने स्वयंसेवकों के लिए सहयोग एवं सेवा भावना से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का निर्देशन किया।

## खबर संक्षेप

### तीन वारण्टी अभियुक्त किये गये गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना संदीपनघाट पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त चांद उर्फ चन्दर यादव पुत्र सत्यनारायण यादव निवासी महगांव थाना संदीपनघाट को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना संदीपनघाट पुलिस बल द्वारा वारटी अभियुक्त लालजी पुत्र विन्देश्वरी प्रसाद निवासी हरायपुर आलमचन्द थाना सदीपनघाट को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना करारी पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त बीरू उर्फ मो० अहमद पुत्र सज्जन निवासी आजाद नगर थाना करारी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पक्षात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### छेडखानी का वांछित अभियुक्त किया गया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मोहब्बतपुर पइन्सा पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त राम प्रकाश पुत्र महेश सोनकर निवासी मोगरी कड़ा थाना मोहब्बतपुर पइन्सा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# हाई वोल्टेज शॉर्ट सर्किट से लगी खेत में आग लाखों की फसल जलकर हुई खाक

## सूचना के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड का वाहन न पहुंचने पर कड़ी मशक्कत से ग्रामीणों ने बुझाई आग

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के चरवा थानान्तर्गत नोहरी का पूरा गांव में हाई वोल्टेज विद्युत तार की शॉर्ट सर्किट से किसानों के खेत में आग लग गई देखते-देखते खेत की खड़ी फसलें जलने लगी उधर से गुजर रहे लोगों ने खेत में आग लगने की जानकारी ग्रामीणों को दी मामले की जानकारी किसानों तक पहुंची मौके पर तमाम ग्रामीण पहुंच गए खड़ी फसल जलती देख कर किसानों के पसीने छूट गए मामले की सूचना विद्युत विभाग को देकर विद्युत सप्लाई बंद कराई गई मामले की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई लेकिन मौके पर फायर ब्रिगेड का वाहन नहीं पहुंच सका ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद जलती फसल



अग्निकांड में जला खेत देखते ग्रामीण

में पानी डालकर खेत में लगी आग बुझाई देखते देखते 3 किसानों के 2 बीघे से अधिक खेत की फसल जलकर राख हो गई है अचानक लगी आग से किसानों के सामने मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा है। बताया जाता है कि गुरु प्रसाद पटेल रेंदा पटेल और मोहम्मद पुर के एक अन्य व्यक्ति के खेत मैं खड़ी फसल हाई वोल्टेज विद्युत तार की शॉर्ट सर्किट से पूरी तरह से जलकर खाक हो गयी है मामले की सूचना किसानों ने थाना पुलिस और तहसील प्रशासन को दी है लेकिन समाचार लिखे जाने तक मौके पर राजस्व लेखपाल नहीं पहुंचा है जिससे खेत में आग लगने से नुकसान का आकलन नहीं हो सका है लेकिन अनुमान लगाया जाता है कि इस अग्निकांड की घटना में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

# परीक्षा में धोखाधडी करने वाले सात अभियुक्त हुए गिरफ्तार

## उत्तर प्रदेश सिविल कोर्ट स्टाफ सेन्ट्रलाइज्ड रिक्रूटमेंट 2022-23 के टाइपिंग परीक्षा में सात परीक्षार्थियों के फोटो व फिंगर प्रिंट का नहीं हो पाया मिलान




**कौशाम्बी।** थाना पिपरी अंतर्गत 25 मार्च 2023 को शम्भूनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन झलवा, प्रयागराज के परीक्षा नियंत्रक अभिषेक कुमार पाण्डेय द्वारा थाना पिपरी पर सूचना दी गयी कि उत्तर प्रदेश सिविल कोर्ट स्टाफ सेन्ट्रलाइज्ड रिकूटमेंट 2022-23 के टाइपिंग परीक्षा में सात परीक्षार्थियों के फोटो व फिंगर प्रिंट का मिलान नहीं हो पा रहा है इनकी लिखित परीक्षा किसी और ने पास की है। इस सूचना पर थाना पिपरी पर मुकदमा सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम पंजीकृत कर अभियुक्तों पुष्पेन्द्र कुमार सिंह पुत्र प्रेम सागर नि0 1250, चक मोहिद्दीनपुर थाना बिदकी जनपद फतेहपुर अजय कुमार पटेल पुत्र मथुरा प्रसाद पटेल निवासी कसियापुर महौनदा थाना मेहरौदा जनपद प्रयागराज पंजक कुमार सोनकर पुत्र राजकुमार सोनकर निवासी पाण्डेयपुर महुअरिया थाना सिटी जनपद मिजार्पुर सुरज कुमार सोनकर पुत्र स्व0 अवनी कुमार सोनकर निवासी 106/5 लीडर रोड गीकला थाना शाहगंज, प्रयागराज चन्दन कुमार सोनकर पुत्र अमृतलाल सोनकर निवासी 1004 दरियाबाद थाना अंतरसुइया जनपद प्रयागराज अरबाज पुत्र नजाकत खान निवासी मोहल्ला ताली कस्बा व थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद सुजीत कुमार चतुवेर्दी पुत्र नीरज चतुवेर्दी निवासी लवायन थाना खुटहन जनपद जौनपुर को गिरफ्तार कर अभियुक्तो से पूछताछ करने पर पाया गया की इनकी लिखित परीक्षा किसी और ने पास की है विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है।

# मोबाइल वेटरनरी यूनिट वैन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पशुपालकों को पशुओं के इलाज में सुगमता मिले इस उद्देश्य से सीएम ने जिले को पांच मोबाइल वेटरनरी यूनिट वैन उपलब्ध कराई है रविवार को जिलाधिकारी सुजीत कुमार और सांसद विनोद सोनकर ने हरी झण्डी दिखाकर मोबाइल वेटरनरी यूनिट वैन को रवाना किया और इस वैन से पशुपालकों को होने वाले लाभ के बारे में बताया है। शासन द्वारा जनपद कौशाम्बी को 05 मोबाइल वेटरनरी यूनिट वैन उपलब्ध करायी गयी है। वैन जनपद के 05 स्थानों-पशु चिकित्सालय सिराथू, चायल, भरवारी, मंझनपुर एवं पश्चिमशरीरा में खडी रहेगी, जनपद के पशुपालको द्वारा अपने बीमार पशुओं के उपचार के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर-1962 पर काल करने पर तत्काल मोबाइल वेटरनरी यूनिट वैन(वैन में पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहेंगे) पशुपालक के घर पहुंचकर बीमार पशु का उपचार करने का कार्य करेंगी। उन्होंने जनपद के पशुपालकों को सूचित किया है कि अपने बीमार पशु के उपचार के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर-1962 पर काल करें, वैन तत्काल आपके घर पहॅचकर पशु का उपचार करने का कार्य करेंगी। बतादे कि मुख्यमंत्री ने आज रविवार को लखनऊ में

## डीएम ने कहा कि टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर-1962 पर कॉल करने पर मोबाइल वेटरनरी यूनिट वैन आपके घर पहुंचकर करेंगी पशु का उपचार, सिराथू, चायल, भरवारी, मंझनपुर एवं पश्चिमशरीरा पशु चिकित्सालय में उपलब्ध होगी मोबाइल वेटरनरी यूनिट वैन



मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाते डीएम के साथ सांसद

आयोजित कार्यक्रम में 520 मोबाइल वेटरनरी यूनिट वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया एवं टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर-1962 का शुभारभ किया, इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एन0आई0सी0 कलेक्ट्रेट,कौशाम्बी में किया गया तथा उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री के उदबोधन को सुना इस अवसर पर जिलाधिकारी सुजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव एवं मुख्य पशुचिकित्साधिकारी अरविन्द कुमार सागर तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### सत्ता रहे या ना रहे सत्य सामानता और सम्मान सदैव रहना चाहिए : विपुल तिवारी

**कौशाम्बी।** हिंदू स्वयंसेवक संघ भारत के पूर्व राष्ट्रीय मंत्री एवं भाजपा समर्थक मंच के पूर्व यूपी अध्यक्ष ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व हाल ही मे हुए पूर्व सासंद राहुल गाँधी के 2019 मे लोकसभा चुनाव के दौरान कर्नाटक के कोलार मे रैली के दौरान दिये गये बयान सभी चोरों के उपनाम मोदी ही कैसे होते है इस पर गुजरात के भाजपा विधायक व पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी के द्वारा सूरत न्यायालय मे मानहानि के दर्ज केस मे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के एच एच वर्मा की अदालत के द्वारा किया गया निर्णय शत प्रतिशत सत्य व न्यायिक बताया है, क्योंकि किसी समूचे जाति विशेष का यूं अपमान करना किसी व्यक्ति को शोभा नही देता खासकर ऐसे जो जनप्रतिनिधि हों, विपुल तिवारी ने ये भी कहा कि किसी धर्म जाति और जनप्रतिनिधि व्यक्ति विशेष पर टिप्पणी करने से हर दल के हर नेता व जनप्रतिनिधि को बचना चाहिए और अंत मे विपुल ने यह भी कहा कि संसद से अयोग्य करार देने का निर्णय लोकसभा सचिवालय का है ना कि भाजपा का।

# विधायक राजू पाल हत्याकांड में फरार एक लाख के इनामी अब्दुल कवि के बहन, बहनोई सहित 5 अरेस्ट

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** 18 वर्षों पूर्व प्रयागराज शहर के बहुचर्चित विधायक राजू पाल हत्याकांड में नामजद इनामी अभियुक्त की गिरफ्तारी में कौशांबी पुलिस ने तेजी दिखाई है इनामी अभियुक्त को शरण देने वालों के घरों में भी पुलिस ने सर्च ऑपरेशन चलाया है थाना सराय आकिल से वांछित इनामिया भगोड़े अब्दुल कवि पुत्र अब्दुल गनी निवासी गांव भखंदा थाना सराय अकिल की तलाश में पुलिस ने उसके छिपने तथा शरण देने वालों के ठिकानों पर दबिश दी,जिसमे मुख्यतया कवि की ससुराल कटैया तथा उसके मजरों के चिन्हित घरों पर पुलिस ने सर्च अभियान चलाया ।पुलिस ने अब्दुल कवि की ससुराल तथा उससे संबंधित लोगो में से 5 लोगो की गिरफ्तारियां की है । पुलिस ने कवि की ससुराल व उसकी बहनों के यहां से अवैध शस्त्र भी बरामद किए है। पुलिस ने दबिश के दौरान मोहम्मद आवेश (कवि का ससुर) पुत्र स्वर्गीय जाहिद हुसैन निवासी कटैया थाना सराय अकिल मो० इरफान(कवि के जीजा का भाई) पुत्र- रियासत अली निवासी- बेरुई थाना सराय अकिल शमसुल निशा पत्नी- लियाकत अली (कवि की बहन)निवासी- बेरूई थाना सराय अकिल तब्सुम (कवि की बहन) पत्नी अब्दुल मन्नान निवासी कटैया थाना सराय अकिल लियाकत अली(कवि का जीजा) पुत्र रियासत अली निवासी ग्राम बेरूई थाना सराय अकिल को पुलिस ने गिरफ्तार किया

### भारी मात्रा में असलहे,कारतूस बरामद



विधायक राजू पाल की हत्या के आरोपियों के शरणदाताओं पर कार्रवाई की जानकारी देते पुलिस अधीक्षक

है। विधायक राजू पाल हत्याकांड का आरोपी व वांछित तथा एक लाख के इनामी/भगोड़ा अपराधी अब्दुल कवी की तलाश में थाना सरायअकिल के ग्राम पुरखास व यूसुफपुर में उसके शरण दाताओं व सहयोगियों के घरों पर भारी पुलिस बल के साथ सर्च अभियान चलाया गया,जिसमें कुल 9 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया ।सर्च अभियान के दौरान भारी मात्रा में अवैध शस्त्र ,जिंदा व खोखा कारतूस, तथा लाइसेंसी असलहे बरामद हुए हैं,जो उनके मूल ओनर्स के पास नही थे।

# क्षेत्रीय जन समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर : अजय सोनी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं वार्ड नंबर 13 से जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने शनिवार को करारी माइनर नहर के करीब 6 दशक पुराने जर्जर एवं क्षतिग्रस्त पुलों के पुनिर्माण कार्य का स्थलीय जायजा लिया और मौके पर कार्यरत लोगों से वार्ता की। ग्राम चकिया फत्तेपुर के पास करारी माइनर नहर पर पुनर्निर्मित हो रहे पुल का मौका मुआयना करते हुए अजय सोनी ने बताया कि इस पुल के दुबारा बनने से क्षेत्रीय गांवों के हजारों लोगों को आवागमन में सुविधा होगी और लोग हादसे से बचेंगे। मौके पर मौजूद रहे लोगों से वार्ता करते हुए अजय सोनी ने कहा कि करारी माइनर नहर के निर्माण के समय बने पुल अब बेहद जर्जर और क्षतिग्रस्त हो चुके हैं जिससे आए दिन लोग हादसों का शिकार हो रहे हैं। इस पर पिछले वर्ष मैंने सिंचाई विभाग फतेहपुर के अधिकारियों से लिखित शिकायत कर करारी माइनर नहर के सभी जर्जर एवं क्षतिग्रस्त पुलों के पुनर्निर्माण कराए जाने के लिए मांग की थी। इतना ही नहीं बल्कि सहायक अभियंता एस के सिंह और अवर अभियंता जे के साहू को साथ लेकर जर्जर और क्षतिग्रस्त पुलों का मौका मुआयना भी कराया था और तत्काल पुलों के पुनर्निर्माण कराए जाने की उनसे भी मांग की थी जिसके चलते सिंचाई विभाग फतेहपुर ने महमदपुर, अचाकापुर, फत्तेपुर, तुलसीपुर और उदहिन बुजुर्ग आदि गांवों के जर्जर और क्षतिग्रस्त पुलों का पुनर्निर्माण कार्य शुरू किया है जिसमें महमदपुर, अचाकापुर गांवों का पुल बन चुका है और

## जर्जर एवं क्षतिग्रस्त पुल के पुनर्निर्माण कार्य का सकिपा नेता ने मौके पर पहुंचकर लिया स्थलीय जायजा



फत्तेपुर चकिया पुल बन रहा है। इस अवसर पर लोगों से वार्ता करते हुए अजय सोनी ने कहा कि क्षेत्रीय जनसमस्याओं के समाधान के लिए मैं हमेशा तत्पर हूं। क्षेत्र की जनता ने मुझे जिला पंचायत सदस्य के रूप में जो जिम्मेदारी दी है, उसे मैं शत प्रतिशत निर्वाहन करूंगा और क्षेत्र की समस्यायों का समाधान करूंगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनता ने अजय सोनी को जनहित के लिए कार्य करने को लेकर धन्यवाद ज्ञापित किया और उनकी प्रशंसा की। इस मौके पर प्रभाकर शुक्ला, प्रदीप पांडेय, मानसिंह यादव, संतोष कुमार, दिलीप मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।

# स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत मिशन की धज्जियां उड़ा रहा है दबंग प्रधान

अखंड भारत संदेश

**मनौरी कौशांबी।** ओछी राजनीति कर गांव का विकास बाधित करने वाले एक ग्राम प्रधान चुनाव जीतने के बाद भी मतदाताओं से वोट देने और ना देने का हिसाब करने पर उतारू है जिससे मतदाताओं में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है सरकार से मिले धन से ग्राम पंचायत में कराए जा रहे विकास कार्यो में ग्राम प्रधान द्वारा जमकर पक्षपात किया जा रहा है जिन लोगों से ग्राम प्रधान को मत नहीं मिलने की उम्मीद है उनके घर के आसपास विकास नहीं कराए जा रहे हैं जिससे ग्राम पंचायत का विकास पूरी तरह से बाधित है ओछी राजनीति कर विकास बाधित करने वाले ग्राम प्रधान के कारनामों की ओर ग्रामीणों ने आला अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए प्रधान पर कार्यवाही करते हुए इनका अधिकार छीनने की मांग की है। चायल तहसील अंतर्गत ग्राम महमूदपुर का दबंग

## साल भर से खुदी नाली को आज तक नही बना सका दबंग प्रधान



प्रधान कुबेर चंद्र केसरवानी लगभग एक साल पूर्व अपने ग्राम सभा की चरवा रोड पर नाला बनवाने के बहाने जेसीबी से खुदाई करवा दिया लेकिन आज तक नाला नही बना पाया , जिसमे आए दिन लोग गिर कर चोटहिल होते रहते है ,चरवा रोड निवासियों के बार बार कहने के बाद भी प्रधान के कान में जूं नहीं रेंगती ,कोई न कोई बहाना बना कर वह निकल जाता है। चचाओं पर जाय तो प्रधान कहता है जो लोग हमे वोट नही दिए उनके घर के सामने नाला खोदवा दिया लेकिन बनवाएंगे नही तभी इनको समझ में आयेगा, ग्राम प्रधान का कहना है कि इस नाला को कभी नही बनवाऊंगा चाहे जहां मेरी शिकायत कर दे कुछ नही होगा मेरी बहुत ऊंचे तक पकड़ है ! नगरवासियो ने जिलाधिकारी का ध्यान महमूदपुर प्रधान की कार्यशैली की ओर आकृष्ट करा कर कार्यवाही की मांग की है।

## न्यूज झरोखा

### आनलाइन धोखाधड़ी की शिकार महिला के 76000/- रुपये पुलिस द्वारा कराया गया वापस

शेष धनराशि 6582/- रुपये वापस कराने हेतु पुलिस की कार्यवाही प्रचलित है




**मनौरी कौशाम्बी।** पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र की सुषमा सिंह के बैंक खाते से साइबर ठगों ने 82 हजार रुपए से अधिक की रकम निकाल लिया था मामले की शिकायत सुषमा सिंह ने पूरामुफ्ती थाना पुलिस से की जिस पर पुलिस ने पीड़ित सुषमा सिंह को 76 हजार रुपए वापस दिला दिया है साइबर हेल्प डेस्क थाना पूरामुफ्ती पर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सुषमा सिंह ने अवगत कराया कि उसके बैंक खाता संख्या 31810141292 से उसकी जानकारी के बिना कई बार में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा कुल 82582/- रुपये निकाल लिये गये हैं। पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए बैंक व अन्य आनलाइन पेमेंट प्लेटफार्म से सम्पर्क कर आनलाइन धोखाधड़ी से निकाले गये 82 हजार रुपए की रकम से 76000/- रुपये सुषमा सिंह के बैंक खाते में वापस कराया गया। खाते में पैसे वापस आने पर आवेदिका सुषमा सिंह द्वारा अपने पति के साथ साइबर हेल्प डेस्क पूरामुफ्ती पर उपस्थित होकर पुलिस उच्चाधिकारी व साइबर हेल्प डेस्क पूरामुफ्ती टीम की भूरि भूरि प्रशंशा करते हुए धन्यवाद दिया गया। शेष धनराशि 6582/- रुपये वापस कराने हेतु पुलिस की कार्यवाही प्रचलित है। आवेदिका का पैसा वापस कराये जाने में कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड ए धनन्जय कुमार राय की अहम भूमिका रही।

### भाभी की बहन को लेकर युवक हुआ फरार

#### दीदी तेरा देवर दिवाना की तरह दीदी के देवर के साथ बालिका हुई फरार

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के नगर पंचायत चायल की एक दलित नाबालिंग बालिका अपने दीदी के देवर के साथ फरार हो गयी है घटना 25 मार्च की शाम की बताई जाती है। मामले की जानकारी मिलते ही परिजन परेशान हो गए हैं बालिका के परिजनों



का कहना कि उसकी बहन का देवर अपने बहनोई और माता के साथ घर आया था और घर पर रुका था उसका स्वागत सत्कार किया गया परिजनो के अपने खेत के काम में लग जाने के बाद मौका मिलते ही बहन का देवर बालिका को लेकर फरार हो गया है मामले की सूचना बालिका के भाई ने पुलिस चौकी चायल को देकर कार्यवाही की मांग की है आरोपी चरवा थाना क्षेत्र के सटई गांव के रहने वाले हैं और उसके रिश्तेदार प्रयागराज के बमरौली के निवासी बताए जाते हैं खबर लिखे जाने तक मामले में कोई कार्यवाही होती नहीं दिख रही है।

# बेखौफ होकर जमीन पर कब्जा कर रहे हैं अतीक के गुर्गे

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** महमूदपुर मनौरी गांव निवासी चन्द्रदेव वर्मा पुत्र स्वङ्ग गंगा सहाय वर्मा ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी भूमिधरी आराजी सं0 47 व 48 मौजा महमूदपुर में स्थित है। उक्त जमीन उसकी सगी भाभी के नाम से पुरानी आराजी नं० 14 व नया नं0 47 व 48 बना है। उसके पूर्व उक्त जमीन स्वामी अशर्फी लाल व अमृत लाल पुत्र राम किशोर निवासी मादपुर से पंजीकृत बैनामा 1987 में किया था और उसका नामान्तरण आदेश पारित भी हो गया परन्तु लेखपाल की गलती से खतौनी में उसकी अमलदरामद सम्भव नहीं हो सका है। उक्त जमीन पर भू-माफिया अतीक अहमद के गुर्गे नब्बन पुत्र मोइनउद्दी व शाहेजमन पुत्र माशूक उद्दीन निवासी अहमदपुर असरौली ने फर्जी व शून्य बैनामा के आधार पर सरकारी अहलकारों को मिलाकर अपने नाम दर्ज कराकर विक्रय कर रहे हैं। उक्त दबंग लोग पीड़ित के घर पर सन् 2019 में बम फेंक कर डरा कर जबरन कब्जा दाखिल करने की कोशिश कर चुके है। सरकारी अहलकारों तहसीलदार दीक्षा पाण्डेय का सहयोग इनको प्राप्त है। 16.03.2023 को शाम 6:00 बजे ना० तहसीलदार मोबीन उद्दीन व हल्का लेखपाल व पिपरी थाना के दो पुलिस वालों को लेकर पीड़ित को धमकी देकर तथा झूठे मुकदमें में फसाने की धमकी देकर नग्मा पत्नी फरीद अहमद निवासी 'मादपुर को भूमि पर बने अर्धनिर्मित मकान में कब्जा दिला दिया। भू-माफिया नब्बन व उसके सहयोगी फरीद अहमद गौरव गुप्ता पुत्र गोपाल, मुस्लिम पुत्र अज्ञात निवासी मीरपुर उक्त सभी लोगों से मेरे पूरे परिवार को खतरा है क्योंकि इसके पूर्व मेरे एक पुत्र को 4 से 5 अज्ञात व्यक्ति ने मार - पीट किए हैं। मेरे पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दिया कि अगर कही शिकायत किया तो जान से मारे जाओगे मेरा पूरा परिवार डरा व सहमा हुआ है। किसी भी समय संगीन घटना घट सकती है।

# धड़ल्ले से अवैध बालू खनन प्रशासन ने बंद कर रखी है आंखें

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले की यमुना नदी से निकलती लाल बजरी जहां जिले से प्रदेश में जिले के राजस्व को बढ़ाती है वहीं दूसरी ओर यह लाल बजरी जिले में अधिकारियों को भ्रष्ट बनाने में अपनी महती भूमिका निभाती नजर आ रही है स्थिति यह है कि लाख रोकने के बाद भी धड़ल्ले से खुलेआम अवैध घाट चल रहे हैं। आज खुलासा चायल तहसील क्षेत्र के पिपरी थाना क्षेत्र स्थित सेऊढा गांव के यमूना घट में चल रहे अवैध बालू खनन का है। स्थिति यह है कि यहां पर खुलेआम यमुना के सीने को चीर कर दिन रात अवैध रूप से बालू निकाला जा रहा है, जिसकी प्रत्येक महीने करोड़ों रुपए मूल्य की जाती है। इससे सरकार को लाखों रुपए राजस्व भी मिलना चाहिए लेकिन स्थानीय स्तर पर तहसील प्रशासन की मिलीभगत से यह घाट धड़ल्ले से चल रहा है। जहां प्रत्येक दिन दर्जनों ट्रक व टैक्टर बालू निकाली जा रही है लेकिन किसी भी जिम्मेदार व प्रशासनिक अधिकारी की नजर अभी तक घाट की ओर नहीं गई जबकि कई बार इस घाट के मामले में शिकायत हो चुकी है और इसके अवैध खनन के वीडियो वायरल है। बताते चलें कि थाना क्षेत्र के लोधाऊर चौकी क्षेत्र के सेऊढा गांव में खुलेआम यमुना के सीनों को चीरकर यमुना के अवैध रूप से बालू निकाली जा रही है यहां पर इस गांव में किसी प्रकार का बालू पट्टा नहीं है। सूत्रों की मानें तो चौकी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों

## प्रत्येक महीने लाखों रुपए राजस्व की लग रही है चपत मामला चायल तहसील के पिपरी थाना क्षेत्र स्थित सेऊढा गांव के यमूना घाट का



द्वारा लाखों रुपए महीनेवारी लेकर इस गोरखधंधे को बदस्तूर जारी रखा गया है। मामले की शिकायत भी जिले के आला अधिकारियों से की जाती है तो इसको महज खानापूर्ति तक ही सीमित रखा जाता है सूत्रों द्वारा कहा तो यहां तक जाता है कि इस घाट से हर दिन दर्जनों की संख्या में ट्रक व ट्रैक्टरों से लादकर बालू निकलती है। जिस पर पुलिस के अधिकारियों एवं प्रशासन के जिम्मेदारों की नजर सिर्फ इसलिए नहीं जा रही है कि हिस्सेदारी प्रशासनिक अधिकारियों की ओर जाती है क्षेत्रीय लोगों ने जिलाधिकारी का ध्यान इस अवैध बालू खनन की ओर आकृष्ट कराया है।

## संपादकीय

# मोटा अनाजः भविष्य की मांग पूरी करने की बनानी होगी रणनीति

**राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

**2018 में** जब मोटे अनाज को पोषक अनाज घोषित कर प्रमोट करने का अभियान चलाया गया, तब पूरी तरह से आश्वस्त नहीं थे कि संयुक्त राष्ट्र संघ मोटे अनाज के महत्व को समझते हुए 2023 को इंटरनेशनल मिलेट ईयर घोषित कर देगा। यह भी नहीं लगता था कि दुनिया के देश इतनी जल्दी मोटे अनाज के प्रति जागरूक होंगे। दरअसल जिस तरह हमारे खानपान के चलते एक के बाद एक बीमारियों से दो-चार होने लगे हैं, ऐसे में मोटा अनाज बेहतर विकल्प के रूप में उभरा है। पर जिस तरह से मोटे अनाज को प्रमोट करने का अभियान चलाया गया है तो देश-विदेश में मोटे अनाज का गुणगान होने लगा है। मोटापा, डायबिटीज, विटामिन्स की डेफिसिएंसी, बढ़ती हार्ट डिजिज, एनिमिया, डाइजिनेशन प्राब्लम, कैल्शियम की कमी या यों कहें कि अच्छा खाने के बाद भी खोखले होते शरीर के कारण केमिकल्स पर आधारित दवाओं से अलग हटकर अब लोग मोटे अनाज में विकल्प खोजने लगे हैं। हालांकि यह तो शुरूआत है और सफर लंबा और कठिनाइयों से भरा है। हमें अभी से भविष्य की मांग पूरी करने की रणनीति बनानी होगी। दरअसल साठ के दशक तक हमारे यहां खासतौर से गांवों का मुख्य भोजन मोटा अनाज ही रहा है। 1960 के दशक में बार-बार अकाल के चलते खाद्यान्न संकट के विकल्प के रूप में हरित क्रांति का दौर आरंभ हुआ और ऐसे में खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाना पहली प्राथमिकता बनी। यह समय की मांग भी थी तो आवश्यकता भी। इस तरह से गेहूं को प्रमुख विकल्प माना गया। इसके बाद एक ओर गेहूं के आयात, गेहूं के उत्पादन बढ़ाने और उत्पादन बढ़ाने के नाम पर रासायनिक उर्वरकों का दौर शुरू हुआ। रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रचार तंत्र को एग्रेसिव किया गया और आज हमारे कृषि वैज्ञानिकों, नीति नियंताओं और अन्नदाता की मेहनत से देष खाद्यान्न को लेकर आत्मनिर्भर बन गया है। यहां तक कि कोरोना त्रासदी से लेकर अब तक जरूरतमंद लोगों तक निःशुल्क खाद्यान्न की उपलब्धता बड़ा सहारा बनी है। हरित क्रांति समय की मांग थी और आज भी है। हालांकि आज दुनिया के देश तेजी से ऑर्गेनिक खेती और परंपरागत खेती पर जोर देने लगे हैं। रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से उर्वरा शक्ति प्रभावित होने के साथ ही जहरीले कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव को भी देखा जाने लगा है। मोटा अनाज एक समय हमारा प्रमुख भोजन होता था। आज भी दुनिया में कुल उत्पादित मोटे अनाज में हमारे देश की भागीदारी 41 प्रतिशत है। राजस्थान, महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात, मध्य प्रदेश, तमिलनाडू, आंध्र प्रदेश आदि प्रमुख राज्य है। आज मोटे अनाज के निर्यात में भी भारत प्रमुख देश है। हमारे देश से गए साल 2.69 करोड़ डॉलर का मोटा अनाज अमेरिका को निर्यात किया गया है। मोटे रूप से 13 प्रकार के अनाज को मोटे अनाज के रूप में माना जाता है। इनमें से प्रमुख रूप से 8 अनाज बाजरा, रागी, कुटकी, संवा, ज्वार, कंगनी, चेना और कांदो को माना जाता है। 2020 में देश में 1.2 करोड़ मैट्रिक टन उत्पादन रहा है। मोटे अनाज को प्रमोट करने के विश्वव्यापी प्रयास आरंभ हो गए हैं। युवा एंटरप्रोन्योर स्टार्टअप्स के माध्यम से आगे आ रहे हैं। लोगों को मिलेट रेसिपी भाने भी लगी है। लोग इनके महत्व को समझने लगे हैं। एक समय था जब घर पर मेहमान आने पर ही गेहूं की चपाती बनती थी। मोटा अनाज धीरे-धीरे पर्दे के पीछे चला गया और मोटे अनाज का उत्पादन और उपयोग दोनों ही प्रभावित हुए। यह सब तो तब रहा जब कि बाजरा आदि मोटे अनाज के खेती करने पर कम पानी और कम लागत आती है तो दूसरी और मोटा अनाज प्राकृतिक स्वास्थवर्धक तत्वों से भरपूर रहे हैं और इनकी उपयोगिता को आज वैज्ञानिक सिद्ध कर रहे हैं। दरअसल हम जिस तरह से विकास के नाम पर प्रकृति से दूर होते गए वैसे वैसे ही प्राकृतिक तत्वों से भरपूर चीजें हमारी प्राथमिकता से दूर होती गई। अन्यथा प्रकृति स्वयं तय करती रही है। और मौसम के अनुसार फसलों के पैदावार तय रही है। मौसम के अनुसार खेती होने से फसलों के तासीर भी पैदावार पक कर बाजार में आने के बाद उसके उपयोग से तय होती रही है। मोटा अनाज खासतौर से बाजरा खरीफ की प्रमुख फसल है। अब आसानी से समझा जा सकता है कि खरीफ की फसल पक कर तैयार हो जाती है तो उस समय तक सर्दी का मौसम आरंभ हो जाता है। सर्दी में बाजरा कितना स्वास्थवर्द्धक होता है इसको बताने की आवश्यकता नहीं है तो गरमी में बाजरे की राबड़ी की अपनी पहचान से है। समय का बदलाव देखिए कि गॉव-गरीब का भोजन आज पंच सितारा होटलों के प्रमुख व्यंजन बन चुका है। शादियों में बाजरे की खिचड़ी या छाछ राबड़ी प्रमुखता से परोसी जाने लगी है तो इसका मतलब भी समझना होगा। अब कृषि वैज्ञानिकों के सामने नई चुनौती है और वह यह है कि मोटे अनाज की उन्नत व गुणवत्तापूर्ण किस्म विकसित करनी होगी, शोध और अनुसंधान को बढ़ाना होगा और किसानों को मोटे अनाज के उत्पादन बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक प्रेरित करनी होगी। मोटे अनाज को जब हम एक बार फिर से भविष्य का अनाज देख रहे हैं तो फिर हमें देश दुनिया में मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ाने के समन्वित प्रयास करने होंगे। भविष्य की मांग को समझना होगा।

# नेताजी, हम मतदाता सबकुछ देख, सोच और समझ रहे हैं

**किशन भावनानी**



**वैश्विक** स्तरपर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का आगाज आज पूरी दुनिया में हो रहा है, क्योंकि जिस तरह कोविड महामारी से उबरने से लेकर अर्थचक्र तक जिस जज्बे और जांबाजी से मुकाबला कर अपने विकास की रफ्तार तेज की है, उस सफलता पर दुनिया हैरान है। यह स्वाभाविक ही है कि जब कोई सफलता की सीढ़ियां स्पीड से चढ़ रहा हो तो गिराने वाले भी मैदान में कूद पड़ते हैं। दूसरे शब्दों में सफलता भी सिर चढ़ाकर अहंकार की ओर मोड़ने के तरीकों से भिड़ाती है, ताकि बंदा उसमें फंसकर उलझे और मैं फुर हो जाऊं। याने यहां दो तरफ से भारत को मुकाबला करना है, पहला गिराने वालों से दूसरा सफलता के अहंकार से मुकाबला करना है। चूंकि वर्तमान कुछ समय से भारतीय राजनीति में घमासान छाया हुआ है, चाहे उद्योगपति रिपोर्ट हो याफिर विदेशों में युवा नेता के बयान और अब युवा नेता को दो वर्ष की सजा, फिर आज लोकसभा सदस्यता रद्द का मामला इत्यादि मामलों में लोकसभा का बजट सत्र प्रथम चरण और अब द्वितीय चरण बाधित हो भेंट चढ़ रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि पक्ष और विपक्ष दोनों का हंगामा सदन में हमें टीवी चैनलों के माध्यम से देखने को मिल रहा है। पक्ष माफी मांगने बोल रहा है तो विपक्ष जेपीसी की मांग कर रहा है। अब मामला सांसद सदस्यता खारिज पर जा पहुंचा है। पक्ष ओबीसी सम्मान बचाने सोमवार से सड़क पर उतरने की बात कर रहा है, तो विपक्ष संवैधानिक संस्थाओं और संविधान को खतरे की बात कर रहा हैअब कानूनी लड़ाई राजनीतिक लड़ाई और घमासान की ओर जा रही है। इन सब मामलों को देख मतदाता कह रहा है, नेताजी हम मतदाता सारा नजारा देख, सुन,सोच, समझ रहे हैं। इसका जवाब मतदान से देंगे। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे राजनीतिक घमासान! साथियों बात अगर हम लोकसभा से युवा सांसद की सदस्यता समाप्त होने के बाद राजनीतिक घमासान की करें तो, राजनीतिक वार पलटवार का दौर जारी है। लगातार मुख्य विपक्षी दल पक्ष और केंद्र सरकार पर हमलावर है। दूसरी ओर आज युवा नेता ने भी साफ तौर पर कहा कि उद्योगपति मामले को लेकर केंद्र की सरकार घबरा गई है। उन्होंने कहा कि चाहे मुझे कोई अयोग्य ठहराएं या जेल में डाल दें, मैं लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ता रहूंगा। दूसरी ओर पक्ष उनके बयान को ओबीसी के अपमान से जोड़ रही है। पक्ष ने साफ तौर पर कहा है कि युवा नेता नेंओबीसी का अपमान किया है। इसके साथ ही पक्ष यहभी कह रहा है कि युवा नेता मामले का संबंध उद्योगपति प्रकरण से बिल्कुल भी नहीं है। दूसरी ओर युवा नेता ने साफ तौर पर कहा कि इस मामले से ध्यान भटकाने के लिए ओबीसी के अपमान का मुद्दा पक्ष की ओर से उठाया जा रहा है। पक्ष के बड़े नेता ने शनिवार को उन आरोपों को खारिज कर दिया कि युवा नेता को लोकसभा से इसलिए अयोग्य ठहराया गया, क्योंकि पीएम उद्योगपति मुद्दे पर उनके सवालों से ह्यडरेह्न हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी ने आगामी कर्नाटक विधानसभा चुनाव में इस मुद्दे को भुनाने के लिये गुजरात की एक अदालत द्वारा युवा नेता की दोषसिद्धि के खिलाफ फैसले पर तत्काल रोक लगवाने के लिए कदम नहीं उठाया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, उनकी बहन का बयान इस बात की पुष्टि करता है कि उनकी पार्टीने कर्नाटक चुनाव को ध्यान में रखते हुए अपने कानूनी विशेषज्ञों को सेवा में नहीं लगाया। एक नेता के मामले में जो तत्परता दिखाई गई थी, इस मामले में उनकी विफलता से क्या समझा सकता है?कुल मिलाकर देखकर तो राजनीतिक घमासान कम होने का नाम नहीं ले रहा है। युवा नेता के अलावा विपक्ष कई नेताओं ने पक्ष पर जबरदस्त तरीके से निशाना साधा है। विपक्षी पार्टी इसको लेकर बड़ी बैठक कर चुका है। उनका पूरे देश भर में प्रदर्शन का प्लान है। देशभर में प्रदर्शन की शुरूआत की जाएगी। आज भी देश के अलग-अलग हिस्सों में युवा नेता के समर्थन में प्रदर्शन हुआ है। उनको अयोग्य ठहराए जाने के बाद उनके संसदीय क्षेत्र में भी कार्यकताओं ने पीएम का पुतला फूंका है। पक्ष के राज्यसभा सांसद ने दावा किया कि युवा नेता को दंडित इसलिए किया गया है क्योंकि उन्होंने पिछड़े वर्ग के लोगों का अपमान किया और पक्ष का इससे कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा, अदालत ने उन्हें मोदी उपनाम वाले लोगों का अपमान करने का दोषी ठहराया है। उन्होंने पिछड़े वर्ग के लोगों का अपमान किया है और अदालत ने उन्हें सजा दी है। पक्ष का इससे कोई लेना-देना नहीं है।

साथियों बात अगर हम महाराष्ट्र से राज्यसभा सांसद और नेता की करें तो, एक नेता और राज्यसभा सांसद की मुश्किलें बढ़ गई हैं। युवा नेता को संसद सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के बाद अब इनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं। उनके खिलाफ महाराष्ट्र विधानपरिषद की आलोचना के मामले में विशेषाधिकार हनन के मामले में सुनवाई हुई, जिसमें उनके जवाब को असंतोषजनक पाया गया है. इसके बाद उनके खिलाफ प्रस्ताव को राज्यसभा के सभापति के पास भेज दिया गया है। उन्होंने कथित तौर पर महाराष्ट्र विधानपरिषद के सदस्यों को चोर मंडली कह कर संबोधित किया था।


साथियों

बात अगर हम मतदाता की ताकत मतदान की करें तो पिछले कई दशकों से हम देख रहे हैं कि मतदान का प्रतिशत अपेक्षाकृत बहुत कम होता है किसी राज्य में 50 फीसदी से भी कभी-कभी कम होता है। यूपी जैसे बड़े राज्य में भी 50 से 60 फीसदी के आस पास होता है। अभी हाल में हुए तीन राज्यों मेघालय नागालैंड त्रिपुरा चुनाव में 90 86,84 फीसदी से अधिक मतदान कर अपनी ताकत को स्थानांतरित किया है


साथियों बात अगर हम मतदाता की ताकत मतदान की करें तो पिछले कई दशकों से हम देख रहे हैं कि मतदान का प्रतिशत अपेक्षाकृत बहुत कम होता है किसी राज्य में 50 फीसदी से भी कभी-कभी कम होता है। यूपी जैसे बड़े राज्य में भी 50 से 60 फीसदी के आस पास होता है। अभी हाल में हुए तीन राज्यों मेघालय नागालैंड त्रिपुरा चुनाव में 90 86,84 फीसदी से अधिक मतदान कर अपनी ताकत को स्थानांतरित किया है जो हम चाहते हैं। मतदान के माध्यम से करके दिखाना है क्योंकि हमारे मतदान का प्रतिशत जितना अधिक होगा उसी अनुरूप में हम जिस पार्टी की सरकार चाहते हैं वह हमारी चाहत पूरी होगी इसलिए हम सबको आने वाले दिनों में 6 राज्यों के चुनाव में इस उत्सव में सहभागी होकर देखना है कि कोई भी मतदाता पीछे न छूटे हमें इस उत्सव रूपी यज्ञ में अपने मतदान रूपी आहुति जरूर देना है।

साथियों बात अगर हम हमारे द्वारा चुने गए संसद सदस्यों को सुविधाओं की करें तो, असल में सांसदों को अपने पूरे संसदीय कार्यकाल के लिए मुफ्त में एक आवास या हॉस्टल की सुविधा मिलती है । इस दौरान वो मामूली लाइसेंस फीस देकर सरकारी बंगले की सुविधा का लाभ भी उठा सकते हैं।एक तय मानदंड के मुताबिक ही आवासों का अलॉटमेंट किया जाता है । इस दौरान बिजली और पानी के बिल एक सीमा तक माफ रहते हैं। सरकारी बंगले पर फर्नीचर की सुविधा, सोफे के कवर और पर्दों की सफाई भी इसी सुविधा में जुड़ी होती है। अलॉउंसेज एंड पेंशन ऑफ मेंबर्स ऑफ पार्लियामेंट एक्ट, 2010 के अनुसार सांसद को 50 हजार रुपये महीने की सैलरी मिलती है।उन्हें संसद सत्र में हिस्सा लेने के लिए दो हजार रुपये प्रतिदिन के हिसाब से भत्ता भी मिलता है । सांसदों को हर महीने 45 हजार रुपये संसदीय क्षेत्र के अलाउंस के तौर पर दिया जाता है। संसद सदस्यों को 500 रुपये प्रति महीने के खर्च पर अपने और अपने परिवार के लिए मुफ्त स्वास्थ्य व्यवस्था भी मिलती है। संसद सदस्यों को ट्रैवल अलाउंस भी दिया जाता है, मतलब अपने संसदीय दायित्वों को निभाने और संसद सत्र में शामिल होने के लिए की जाने वाली यात्राओं के लिए सांसदों को ट्रैवल अलाउंस मिलता है। उदाहरण के तौर पर सांसदों को ट्रेन में एक एग्जीक्यूटिव क्लास या फर्स्ट क्लास एसी का टिकट दिया जाता है। किसी भी एयरलाइंस में टिकट के किराये में एक और उसके साथ दूसरे टिकट पर एक-चौथाई किराया देना होता है। इसके साथ ही उन्हें 16 रुपये प्रति किमी के हिसाब से सड़क परिवहन का खर्च भी दिया जाता है । सांसद एक साल में 34 हवाई यात्राएं कर सकते हैं । वो भी अपने परिवार के साथ। सांसदों को हर महीने ऑफिस खर्चे के लिए 45 हजार रुपये मिलते हैं।इसके साथ ही 15 हजार रुपये स्टेशनरी और पत्राचार के लिए भी दिए जाते हैं।भत्ते के तौर पर मिलने वाली इस रकम का इस्तेमाल अपने सचिवों के भत्तों के लिए भी किया जा सकता है ।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि राजनीतिक धमासान! नेताजी, हम मतदाता सबकुछ देख, सोच और समझ रहे हैं। पक्ष-विपक्ष के संसद से सड़क तक धमासान से जनता हैरान - जनता मत की ताकत जरूर दिखाएगी।

# योगी सरकार की उपलब्धियां

**डॉ. दिलीप**




**योगी** सरकार ने अपने छह वर्ष पूरे किए। उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक समय तक मुख्यमंत्री रहने का रिकार्ड योगी आदित्यनाथ के नाम हुआ। उनकी सरकार ने पिछले कार्यकाल में ही विकास के अनेक कीर्तिमान बना दिए थे। विकास के अनुकूल माहौल बनाने के कारण उत्तर प्रदेश प्रगति के मार्ग पर अग्रसर है। पचास से अधिक योजनाओं के क्रियान्वयन में यूपी नंबर वन हो गया था। पिछली कई सरकारों को योगी ने अपने एक ही कार्यकाल में बहुत पीछे छोड़ दिया था। दूसरे कार्यकाल की शुरूआत भी नए मंसूबों के साथ हुई थी। लोक कल्याण संकल्प पत्र के माध्यम से प्रदेश की जनता से किये गये पूरे किए जा रहे हैं। प्रदेश को देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले राज्य के रूप में आगे बढ़ाने का रास्ता बना दिया है। यूपी देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसे आगे बढ़ाया जा रहा है। निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया गया है। छह वर्ष पहले इसे बीमारू प्रदेश माना जाता था। निवेशकों की उत्तर प्रदेश में कोई दिलचस्पी नहीं थी। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया। आज उत्तर प्रदेश उत्तर प्रदेश सर्वाधिक आकर्षक हो गया है। योगी आदित्यनाथ ने सरकार के साथ व्यवस्था में बदलाव का संकल्प लिया। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रही। बुलडोजर माफियाओं को मिट्टी में मिलाने का प्रतीक बन गया। माफिया के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति है। एक जनपद, एक उत्पाद योजना की शुरूआत उत्तर प्रदेश में की गयी थी, आज प्रदेश के सभी जनपदों का एक यूनिक प्रोडक्ट है। ओडीओपी योजना ने प्रदेश के निर्यात को दोगुने से अधिक किया है। आज उत्तर प्रदेश एक्सपोर्ट का हब बन रहा है। राज्य को डिफेंस कॉरिडोर भी दिया गया है। लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल तथा झांसी में भारत डायनामिक्स यूनिट लग रही है। कानपुर में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर में अच्छा निवेश आ रहा है। लोक कल्याण संकल्प पत्र के माध्यम से प्रदेश की जनता से किये गये पूरे किए जा रहे हैं। एक सौ तीस वायदों में से एक सौ दस को इस बजट में समाहित किया गया है। 64 हजार करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि लोक कल्याण संकल्प पत्र में घोषित संकल्पों के लिए समर्पित है। यूपी देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसे आगे बढ़ाया जा रहा है। निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया गया है। इसी का परिणाम है कि यूपी में प्रतिव्यक्ति आय दोगुनी से अधिक पहुंच गई है। नए भारत के नए यूपी के रूप में उभारने में सफलता प्राप्त की है। प्रदेश को नम्बर वन बनाने का संकल्प लिया गया है। राष्ट्रीय पटल पर एक नया सक्षम और समर्थ उत्तर प्रदेश उभर कर आया है। विगत छह वर्षां में प्रदेश के बजट में दोगुने से अधिक की वृद्धि हुई है। इस दौरान प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय दोगुने से अधिक हुई तथा जीडीपी में भी दोगुने से अधिक बढ़ोत्तरी हुई है। इस दौरान प्रदेश में बजट के दायरे को बढ़ाया गया है। राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के लिए सभी सम्भव प्रयास किए जा रहे हैं। यूपी सर्वाधिक एक्सप्रेस वे वाला प्रदेश बन गया है। इसके साथ ही सड़कों के निर्माण और इनके किनारे पर औद्योगिक गलियारा बनाने का भी अभूतपूर्व कार्य हुआ है। "आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश" के संकल्प को पूरा किया जा रहा है। बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास करके यहां के औद्योगिक विकास के लिए बेहतर माहौल तैयार किया गया है। औद्योगिक विकास के लिए सभी जरूरी संसाधन प्रदेश में उपलब्ध हैं। छह वर्ष पहले तक पूर्वांचल पर पिछड़ेपन का दाग था। यहां के मासूम बच्चे इंसेफेलाइटिस का दंश झेलने को विवश थे। भाजपा सरकार बनने के बाद इसे शीर्ष प्राथमिकता दी गई और नियोजित प्रयासों से आज इंसेफेलाइटिस उन्मूलन का प्रयास सफल हो रहा है। प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहित करने की योजनाओं पर कार्य हो रहा है। कुशीनगर में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा संचालित है। राज्य सरकार रामायण सर्किट और बुद्ध सर्किट का विकास करा रही है। इससे यह पूरा क्षेत्र पर्यटन के वैश्विक मानचित्र पर प्रमुखता से अंकित होगा। योगी सरकार की निवेश फ्रेंडली नीतियों का सकारात्मक परीणाम मिल रहा है। राजनैतिक स्थायित्व और गुड गवर्नेंस के नए दौर का सृजन हुआ है। प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध यूपी गुड गवर्नेंस, अपराध और भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस, सबसे बड़े उपभोक्ता बाजार, सिंगल विंडो पोर्टल निवेश मित्र, निवेश फ्रेंडली नीतियों के साथ ईज आफ डूइंग में अग्रणी राज्य है। देश की कुल कृषि योग्य भूमि का ग्यारह प्रतिशत राज्य में है, लेकिन इस भूमि से हम देश के बीस प्रतिशत खाद्यान्न का उत्पादन करते हैं। उत्तर प्रदेश गेहूं, आलू, मटर, आम, आंवला, दुग्ध उत्पादन तथा गन्ना उत्पादन में प्रथम स्थान पर है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत प्रदेश के पौने दो करोड़ परिवारों को निःशुल्क रसोई गैस कनेक्शन दिए गये हैं। इसमें भी प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। एक्सप्रेस-वे, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना तथा प्रदेश के श्रमिकों/स्ट्रीट वेण्डर्स को भरण-पोषण भत्ता देने में प्रदेश का देश में प्रथम स्थान है।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# संगठन, संवाद और समन्वय के केंद्र हैं हमारे कार्यालय

**हितानंद शर्मा**

**भारतीय** जनता पार्टी ने अपनी स्थापना से लेकर अभी तक ऐतिहासिक सफलता के साथ विचार और ध्येय से निष्ठ रहकर सार्थक यात्रा तय की है। किसी भी संगठन को खड़ा करने में विचार रूपी साधना और कार्यकर्ता रूपी साधक आवश्यक है,वहीं विचारों के चिंतन-मनन, कार्यों की योजना हेतु कार्यालय रूपी साधन भी अपेक्षित है। वास्तव में कहा जाए तो कार्यालय वह साधन है जो साधकों व साधना के मध्य समन्वय का कार्य करते हैं, कार्य की लय और गति को बनाते रखते हैं। मध्य प्रदेश में जनसंघ के शुरूआती दिनों में एक छोटे कमरे में कार्यालय था, जिसमें एक दरी और एक मटका रखा होता था। स्वर्गीय श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे जी तब स्वयं अपने हाथ से लिखकर पत्रक भेजते थे। जैसे-जैसे संगठन का विस्तार होता गया, वैसे-वैसे कार्यालय का स्वरूप भी आवश्यकताओं के अनुरूप बनता गया। वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के स्वरूप में संगठन का व्यापक विस्तार हुआ है। कार्यकताओं से संवाद जनसंघ के जमाने की भी जरूरत थी और आज भी है। कम कार्यकताओं में सीधे मिलने और संवाद करने का कार्य संभव था लेकिन आज पंच से प्रधानमंत्री तक जनप्रतिनिधि और पन्ना प्रमुख, पन्ना समिति तक संगठन का विस्तार होने से सूचना, संदेश और संवाद की गति और व्यापकता बढ़ गयी है। इससे कार्यालय का स्वरूप बदलने के साथ कार्यालय से अपेक्षाएं भी अधिक हो गई हैं। बदलती तकनीक हो या कार्यकताओं के सशक्तीकरण की दृष्टि से मोर्चा, प्रकोष्ठ, प्रशिक्षण, कार्यशाला हेतु भी कार्यालय कार्य का केन्द्र बनता गया है। कार्यालय हमारे लिए मंदिर की भांति पवित्र पावन स्थल हैं, जहां से राजनीति में शुचिता की मार्गदर्शी धारा प्रवाहित होती है। भारतीय जनता पार्टी जन-जन का संगठन है। विश्व के इस सबसे बड़े संगठन की हर स्तर पर सुव्यवस्थित रचना है। जनहित की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए ही संगठन की योजनाएं, निर्णय, क्रियान्वयन होते हैं। ऐसे बृहद, विस्तारित कार्यों को पूर्ण करने में पार्टी कार्यालय की भूमिका अनिवार्यतः महत्वपूर्ण होती है। इस दृष्टि से संगठन के नगर, मंडल, जिला से प्रदेश और राष्ट्रीय राजधानी तक कार्यालयों की श्रृंखला है। इन कार्यालयों में पार्टी कार्यकर्ता अनथक कार्य करते हैं। भारतीय जनता पार्टी की विकास यात्रा में हमारे कार्यालय संगठन, शक्ति, समन्वय, योजना निर्माण, उनके क्रियान्वयन, कार्यों व योजनाओं की समीक्षा के केंद्र हैं। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। यहां कार्यकर्ता सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। भाजपा आज क्षेत्र में मजबूती के साथ उपस्थित हैं। इसमें कार्यकताओं की अति महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यालय के मार्गदर्शन एवं योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य कार्यकताओं द्वारा किया जाता है। कार्यकर्ता, कार्यक्रम, कार्यालय और कोष संगठन के सुदृढ़ीकरण हेतु आवश्यक हैं। भाजपा कार्यालय को अपने कार्य का केन्द्र बिन्दु तो मानती ही है, साथ ही इसी कारण यह कार्यकताओं की भावनाओं और आस्था का केन्द्र भी बन जाता है। भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बन चुकी है। यह असंख्य साधकों की साधना, योजकों की योजना व अनगिनत कार्यकताओं के अपरिमित परिश्रम के बल ही हो पाया है। इसमें कार्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। संगठन में बैठकें एवं प्रशिक्षण भी नियमित चलते रहते हैं। इसके लिए एक सुव्यवस्थित कार्यालय की आवश्यकता होती है। आधुनिक समय में संचार एवं प्रौद्योगिकी से लैस कार्यालय की आवश्यकता को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने अपने कार्यालयों का तकनीकी रूप से विस्तार किया है। एक राजनैतिक संगठन होने से संगठन की योजना, रणनीति निर्माण एवं क्रियान्वयन का केंद्र भी कार्यालय होते है। इसके साथ ही कार्यालय में पिछले दस्तावेजों की उपलब्धता, एक व्यवस्थित पुस्तकालय की भी अपेक्षा रहती है। इनसे समय पर संदर्भ प्राप्त होते हैं। भाजपा लगातार अपने इस आग्रह पर बल देती रही है कि कार्यालय के माध्यम से ही संगठन कार्य का संचालन हो। भाजपा ने अपने कार्य पद्धति में भी कार्यालय के महत्व को स्थापित किया है जब हम संगठन में सामूहिक चिंतन, सामूहिक निर्णय और सामूहिक क्रियान्वयन की शैली को अपनाते हैं, तो इसे लगातार बनाए रखने के लिए जब-जब जो-जो उपक्रम करने होते हैं, वह हम करते हैं।मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने तीन दशक पहले, जबकि हम यथा सक्षम भी नहीं थे, तब भी अपनी आवश्यकता के अनुसार दीनदयाल परिसर के नाम से कार्यालय का निर्माण किया था, जो कि देश में किसी राजनीतिक दल का सबसे बड़ा और सुव्यवस्थित कार्यालय कहा जाता रहा।

## सबसे बड़ा जुमलेबाज

**डॉ. सुरेश**

**पहले** झूठ अल्पसंख्यक और सच बहुसंख्यक हुआ करता था। अब सच अल्पसंख्यक और झूठ बहुसंख्यक है। जानवर जंगलों से क्या गायब हुए लोग जंगलों तक पहुँच गए हैं। वहाँ बड़ी-बड़ी अट्टालिकाओं में इंसानों का चोला पहनकर जानवरों सा व्यवहार करते हैं। उनकी इन करतूतों को कवर करने के लिए समाचार पत्र, मीडिया कम पड़ जाते हैं। चमकता झूठ और फीका सच अपनी धुरी पर झुकी धरती को सीधा रखने का गुरुमंत्र है। झूठ का दूसरा नाम आज गप्प हो गया है। इस गप्प की जाँच करने के लिए चुनाव के समय टिकट बाँटने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कई गप्प हाँकने में माहिर लोग चुनाव टिकट जीतने के लिए सामने आए। एक ने कहा "इंटर के बाद बारहवीं करने वाले को रोजगार जरूर मिलता है!" वाह! वाह! क्या बात कही।" मोटू साहब ने हँसते हुए कहा। दूसरे ने कहा - "मोटू साहब! मेरा जन्म सन 1990 में हुआ लेकिन मैं गांधी जी से मिल चुका हूँ। उनके साथ मेरी तस्वीरें भी हैं। मैंने उन्हें अपने हाथों से चाय बनाकर पिलाई है।

"वाह यह हुई न बात! ऐसा गप्प फेंकने वाला भूत, वर्तमान और भविष्य तीनों को चमका सकता है। जब शैक्षिक संस्थान अपनी जेबों में पड़े हों और फोटो शॉपी करने की कला में माहिर हो, तो कुछ भी संभव है।" मोटू साहब ने कहा। एक साधुई चोला पहने एक बंदे ने कहा, "जबसे मैंने जुमलों के कुछ बीज निगले हैं तब से मेरे पेट में छोटे-छोटे जुमले पैदा हो रहे हैं। जब कोई जुमला बड़ा हो जाता है तो उसे जनता को खिला देता हूँ।

# पुलिस ने बनारस के युवक को दबोचा

## छह माह में दो खातों से एक करोड़ 79 लाख का लेनदेन-निखत बानो मिलनकांड

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला जेल में मऊ से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी विधायक अब्बास अंसारी की पत्नी निखत बानो से गैरकानूनी ढंग से मुलाकात मामले में पुलिस ने एक और गिरफ्तारी की है। पुलिस ने वाराणसी के शहबाज आलम को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इसके माध्यम से छह माह में 179 लाख का ट्रांजैक्शन हुआ है।

रविवार को डीआईजी डॉ विपिन कुमार मिश्र व एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि विवेचना में सामने आया कि पिछले छह माह के अंदर इन खातों में दो बार में 92 लाख और 87 लाख का ट्रांजैक्शन किया गया है। पूंछतांछ में शहबाज ने बताया कि अब्बास के गुर्गे उसे कैश पहुंचाते थे। यह भी बताते थे कि किसके खाते में पैसा डालना है। वह उन खातों में रुपये भेज देता था। इन रुपयों का उपयोग जेल अधिकारियों को नगद या उपहार का लालच देकर अपने लिए जेल में सुविधाएं उपलब्ध कराना, वकीलों और दलालों को अपने मुकदमों की पैरवी के लिए पैसे देना व अवैध कामों में खर्च करने में किया जाता रहा है। गौरतलब है कि 10 फरवरी को डीएम और एसपी ने जिला जेल की औचक जांच में पाया था कि अब्बास अंसारी और उसकी पत्नी निखत बानो की मुलाकात कराई जा रही थी। पता चला था कि ये दोनों गैरकानूनी ढंग से कई महीने से मिल रहे थे और इसमें कुछ सहयोगियों के साथ जेल के कुछ कर्मचारियों-अधिकारियों की मिलीभगत भी है। इस संबंध में कोतवाली में धारा 387, 222, 186, 506, 201, 120बी, 195ए, 34 आईपीसी, 42बी, 54 प्रिजनर्स व सेवन सीएलए एक्ट के साथ भ्रष्टाचार अधिनियम की धाराओं में





दंपति, उसके चालक नियाज, सहयोगियों व जेल अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। अभी तक सहयोग के आरोप में फराज खान, नवनीत सचान के अलावा जेल अधीक्षक अशोक कुमार सागर, जेलर संतोष कुमार, डिप्टी जेलर चंद्रकला, जेल वार्डर जगमोहन को गिरफ्तार किया जा चुका है।

रविवार को पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि विवेचना के दौरान यह प्रकाश में आया कि कैंटीन ठेकेदार नवनीत सचान के खाते में अब्बास अंसारी के कहने पर जो रुपये डाले गए थे, उसमें शहबाज आलम पुत्र शाहिद आलम निवासी अर्दली बाजार थाना कैंट वाराणसी की भूमिका अहम है। एसपी के अनुसार यह युवक वाराणसी में एक सीए के कार्यालय में काम करता है और उसके दो बेनामी खाते संचालित किए जा रहे थे। जांच में यह भी पता चला कि नवनीत सचान के खाते में दो लाख रुपये का ट्रांजैक्शन हुआ।

बीते दिन कोतवाली प्रभारी दीपेंद्र कुमार सिंह, उप निरीक्षक राधेश्याम सिंह, आरक्षी रोहित सिंह और पीयूष शरण श्रीवास्तव ने इसे गिरफ्तार किया। पुलिस की मानें तो इस पूरे मामले में मनी लांड्रिंग का भी मामला सामने आ रहा है। रुपये के लेनदेन में शेल कंपनियों का भी रोल रहा है। एसपी ने बताया कि इन बेनामी खातें के अतिरिक्त कुछ शेल कंपनियां भी पाई गई हैं। जिनमें कैश जमा करके इधर उधर लेनदेन किया जाता था। बताया कि यह गिरोह मऊ जिले के अलावा गाजीपुर, वाराणसी, आजमगढ़, जौनपुर, दिल्ली समेत अन्य शहरों में भी अब्बास अंसारी के लिए काम करता है।

एसपी ने बताया कि लेनदेन का जिम्मा नियाज और उसके सहयोगी संभालते थे। इतनी बड़ी धनराशि के ट्रांजैक्शन से अवैध स्त्रोतों से कमाई के आरोपों को बल मिला है। बताया कि इस मामले में आयकर विभाग और प्रवर्तन निदेशालय से भी मदद ली जाएगी।

# सपा नेता फराज के घर चलेगा बुलडोजर

## परिजन खुद अवैध कब्जा हटाने में जुटे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** 10 फरवरी को जिला कारागार रगौली जेल के अंदर अब्बास अंसारी और पत्नी निखत अंसारी के गैरकानूनी भेंट का भंडाफोड़ के मामले में अब प्रशासन आरोपियों के घर बुलडोजर की कार्रवाई में जुट गया है। निखत अंसारी और अब्बास अंसारी को मिलाने व उनकी मदद के मामले में सपा जिला महासचिव फराज खान के घर बुलडोजर चलाने की तैयारी कर ली गई है। सपा नेता फराज खान के पिता मुन्ने खां को विकास प्राधिकरण ने अवैध ढंग से घर बनाने के मामले में नोटिस देकर खुद अवैध कब्जा हटाने को 24 घंटे की मोहलत दी है। सपा नेता के परिजनों में हड़कंप मचा है।

रविवार को पूर्वांचल के माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी के जिला जेल में बंद होने के बाद पत्नी निखत अंसारी जेल अधिकारियों से मिलीभगत कर गैरकानूनी ढंग से जेल के अंदर मिल रही थी। प्रशासन ने बीती 10 फरवरी को छापा मारकर निखत और अब्बास अंसारी के मिलनकांड का भंडाफोड़ किया था। निखत अंसारी की मदद करने वाले सपा नेता/जिला महासचिव फराज खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर 20 फरवरी को जेल भेज था। अब




मिलनकांड मामले में प्रशासन ने सपा नेता के घर को बुलडोजर से गिराने की तैयारी कर ली है। सपा नेता के शहर की पुरानी बाजार स्थित घर पर विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माण का नोटिस देकर खुद अवैध कब्जा हटाने की 24 घंटे की मोहलत दी है। चेताया है कि प्रशासन के अवैध निर्माण हटवाने पर अतिरिक्त वसूली की जायेगी। सपा नेता के पिता मुन्ने खां ने कहा कि बेटे को राजनीति की वजह से फंसाया गया। प्राधिकरण ने नोटिस में सपा नेता के घर को चार फिट सड़क पर अवैध कब्जा कर बनाने का आरोप लगाया है। नोटिस मिलने पर सपा नेता के परिजनों में हड़कम्प है। सपा नेता के परिजन खुद ही दुकान का सामान हटाकर अवैध निर्माण को हटाने में जुट गए हैं। इस मामले में सपा नेता के पिता मुन्ने खां ने रोते हुए कहा कि उसके बेटे को फंसाया गया है। उनके बेटे ने सिर्फ उसको रहने को घर दिलाया था। वह राजनीति करता था और राजनीति के चलते उसे फंसाया गया है। उन्होंने कहा कि अब प्रशासन ने उनके घर पर अवैध निर्माण होने की नोटिस दी है, जबकि घर उसके बेटे के नाम ही नहीं है। अगर प्रशासन कह रहा है अवैध निर्माण हुआ है तो वह उस अवैध निर्माण को हटा लेंगे। वह प्रशासन से कुछ समय की मोहलत मांग रहे हैं। उन पर सख्ती न बरती जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से न्याय की गुहार है।

# फटाफट खबरें

## 23 जून तक धारा 144 लागू: एडीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** एडीएम कुंवर बहादुर सिंह ने जिले में धारा 144 लागू कर दी है। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय विश्व प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में से एक है। जिले में स्थित विभिन्न धार्मिक स्थलों पर दर्शन भ्रमण को प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों एवं देश-विदेश के श्रद्धालुओं का आवागमन होता है।

एडीएम ने बताया कि कामदगिरि दर्शन- परिक्रमा को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमडती है। प्रत्येक माह अमावस्या मेला में भी भीड़ होती है। ग्रीष्मकालीन नवरात्रि में धार्मिक स्थलों पर दर्शन भ्रमण भी किया जा रहा है। इसके साथ ही ईद उल फितर, महावीर जयंती, गुड फ्राइडे, डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती, बुद्धपूर्णिमा, बीएड परीक्षा, यूपीपीसीएस परीक्षा आदि महत्वपूर्ण विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाएं भी प्रस्तावित है। इसके मद्देनजर 24 मार्च से 23 जून तक सीआरपीसी की धारा 144 लागू की गई है। इसके तहत अधिकारों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किये गये हैं। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कडी कार्यवाही की जाएगी।

## योगी सरकार में निलम्बन नहीं, होती है जेल: धर्मवीर प्रजापति, कारागार मंत्री ने जेल में बंदियों से किया संवाद

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** बीती दस फरवरी को निखत अंसारी और अब्बास अंसारी के मिलनकांड मामले में पहली बार कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति जिले के दौरे पर आये। उन्होंने कामतानाथ में दर्शन पूजन के बाद परिक्रमा लगाई। वह शहर के डाक बंगले में रात्रि विश्राम के बाद चित्रकूट जिला जेल रगौली का निरीक्षण किया। कैदियों के साथ जेल के अंदर संवाद किया।

रविवार को कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने पत्रकारों से कहा कि जिला जेल कांड के बाद उनके मन में आया कि चित्रकूट जेल का दौरा कर वहां बंद कैदियों से संवाद करें। जेल की स्थिति व व्यवस्था देखें। जेल में बंद बंदियों के साथ लगातार संवाद जारी है। अभी तक वह 56 जिलों का दौरा कर जेल का निरीक्षण कर चुके है। 45 जेलों में कैदियों से संवाद किया है। जेल में बंद कैदियों से संवाद के बाद कैदियों की मनोदशा में परिवर्तन हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री से प्रेरणा ली है और छह साल के कार्यकाल में कभी छुट्टी नहीं ली। उन्हीं की प्रेरणा से निरंतर सक्रिय रहकर उनका सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक साल के कार्यकाल में देखा कि कोई वाद-विवाद नहीं हुआ। बंदियों और जेल कर्मियों के साथ भी कोई वाद-विवाद नहीं हुआ। अच्छे ढंग से बंदी रह रहे हैं। जेल में बंद बंदी नवरात्रि के समय रामायण का पाठ कर रहे हैं। हनुमान चालीसा सुंदर कांड का पाठ कर रहे हैं। खुद बंदियों के साथ हवन भी किया। सकारात्मक सोच बनी है। बंदियों में 40 साल के युवा व 80 साल के लोग जेल में हैं। उनके जेल में बंद होने पर परिवार की स्थिति को बंदियों ने संवाद में बताया कि वह संकल्प लेते हैं कि जेल से छूटने के बाद कोई अपराध नहीं करेंगे।

## समिति के लोगों ने की मन्दाकिनी नदी की सफाई

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति के 63वें अभियान में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की प्रेरणा से स्वच्छ भारत मिशन के तहत निरंतर कामतानाथ परिक्रमा में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज नदी की सफाई की गई।

रविवार को पांचवें चरण में ईओ नगर पालिका लाल जी यादव ने कहा कि पूजा की सामग्री पॉलीथीन में भरकर नदी में न फेंके। जमीन में डालकर उसे नष्ट करें। ब्रांड एम्बेसडर/समिति के अध्यक्ष राकेश केसरवानी ने कहा कि सभी को मंदाकिनी नदी व कामतानाथ पर्वत की सफाई के प्रति सोंचना चाहिए। क्षेत्र की दो ही ऐतिहासिक चीजें हैं। सभी मिलकर नष्ट होने से बचाएं। मंदाकिनी नदी में कचरा न फेंके।

# कांग्रेसियों ने सत्याग्रह कर जेल भरो का किया ऐलान

## राहुल की सदस्यता भंग करने का मामला

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे की अगुवाई में कांग्रेस ने राजघाट नई दिल्ली में संकल्प सत्याग्रह कर रही है। इसी क्रम में जिला कांग्रेस के जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगुवाई में कांग्रेसियों ने जिला कचहरी स्थित पार्क में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का चित्र रखकर संकल्प सत्याग्रह किया। रविवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एड ने कहा कि जिस तरह से मोदी सरकार लोकतंत्र का गला घोट रही है, वह पूरा देश देख रहा है। विपक्षी नेताओं को परेशान किया जा रहा है। हमारे नेता राहुल को सदन में भ्रष्टाचार की आवाज उठाने पर सदन से बाहर का रास्ता दिखाया जाता है। क्या सदन के अंदर महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार की आवाज उठाना जुल्म है तो कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता आवाज उठाता रहेगा। पूरा विपक्ष अडानी की जांच की मांग कर रहा है, लेकिन तानाशाह सरकार मोदी के मित्र को बचाने को नए-नए मुद्दे लाकर जनता का ध्यान भटका रही है। देश के इतिहास में पहली बार हो रहा है कि सत्ता पक्ष सदन नहीं चलने दे रहा और राहुल को अपनी बात रखने का मौका नहीं दिया। हमारे नेता को लोकसभा की सदस्यता के अयोग्य घोषित किया जा रहा है, वहीं उप्र सरकार अपनी पार्टी के सांसदों पर चल रहे मुकदमों को वापस लेने का काम कर रही है। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता राहुल के साथ खड़ा है। गांधीवादी ढंग से सत्याग्रह कर रहे हैं। चेताया कि जरुरत पडने पर जेलों को भरने का काम करेंगे। न हम डरे हैं, न डरेंगे अन्याय के खिलाफ संघर्ष करेंगे। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बुआराम शुक्ला ने कहा सभी लोगों को एकजुट होकर अन्याय के खिलाफ लड़ना होगा। कांग्रेसी नेता गज्जू फौजी, शिवगुलाम वर्मा ने कहा कि पिछड़ों-दलितों के साथ भाजपा सरकार में अन्याय हो रहा है। बाबा साहब के संविधान को मिटाने का काम किया जा रहा है। सेवादल के प्रदेश सचिव कुलदीप मिश्रा, सेवादल अध्यक्ष चुनबाद प्रसाद प्रजापति ने कहा कि विपक्षी नेता जेपीसी से जांच कराने की मांग कर रहे हैं तो मोदी सरकार जांच से क्यों घबरा रही है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, अनिल गुप्ता, कालीचरण राजपूत, विजयमणि त्रिपाठी, यमुना शुक्ला, मानवेंद्र पटेल, जगजाहिर पटेल, राज नारायण यादव, कृष्णराज सिंह, तीरथ प्रसाद, कंचन सिंह, मनीष सिंह, रामलखन पटेल, अर्जुन सिंह, निशांत सिंह, मोनू सिंह, धीरेंद्र शुक्ला, रामनरेश, ओम प्रकाश गुप्ता, पुरुषोत्तम यादव, संचालन जमुना प्रसाद शुक्ला ने किया।

# शैक्षिक भ्रमण से होता है बच्चों का चहुमुखी विकास: रमेशचंद पटेल

## बेसिक शिक्षा परिषद ने बच्चों को कराया भ्रमण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राज्य परियोजना कार्यालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देश पर राष्ट्रीय अविष्कार अभियान योजना के तहत पांच विकासखंडों के विभिन्न उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विज्ञान विषय में विशेष रूचि रखने वाले दो सौ छात्र-छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण को खंड शिक्षा अधिकारी रमेशचंद पटेल ने हरीझंडी दिखाकर बसों को रवाना किया।

रविवार को भ्रमण कार्यक्रम के तहत गणेश बाग, कलेक्ट्रेट, देवांगना घाटी, ग्रामोदय विश्वविद्यालय की विभिन्न फैकल्टीज, आरोग्य धाम व दिव्यांग विश्वविद्यालय आदि विभिन्न पुरातात्विक एवं वैज्ञानिक



महत्व के स्थलों पर बच्चों को भ्रमण कराया गया। राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देश पर प्रत्येक छात्र-छात्राओं को जूट के बैग में बिस्किट, पानी की बोतल, चिप्स पैकेट, नोटपैड, पेन आदि सामग्री दी गई। बच्चे भ्रमण के साथ सूक्ष्म जलपान भी लेते रहे। महत्वपूर्ण तथ्यों को नोट करते रहें। मध्यान्ह में बच्चों व सहयोगी शिक्षकों को भोजन ग्रहण कराया। विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक विद्यासागर सिंह, कुलदीप सिंह, जिला मध्यान भोजन प्राधिकरण प्रभारी ज्ञानेंद्र कुमार मिश्रा, अतिप्रकाश त्रिपाठी, बृजेश सिंह बरवारा समेत विभिन्न शिक्षकों ने बच्चों को संबंधित स्थलों के संबंध में जानकारी दी। पुरातत्व एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से उनके महत्व को बताया। शैक्षिक भ्रमण में शामिल बालक-बालिकाओं ने उत्सुकता से सभी स्थलों का भ्रमण किया।

इस बाबत एबीएसए रमेशचंद्र पटेल ने बताया कि शैक्षिक भ्रमण से बच्चों में एक अनुभूति जागृत होती है। वह भारत की विभिन्नताओं इतिहास, विज्ञान, शिष्टाचार और प्रकृति को जान सकते हैं। समूह में रहने की प्रवृत्ति, नायक बनने की क्षमता, आत्मविश्वास व भाईचारे की भावना प्रबल होती है। वैज्ञानिकता का विकास ऐतिहासिकता, पुरातात्विक खोज, यात्रा वृतांत, बच्चों में लिखने का आत्मविश्वास, अनुशासन, टीम भावना में कार्य करना, बच्चों का मानसिक तथा सांस्कृतिक विकास होता है।

# न्यूज झरोखा

## टाइगर रिजर्व की घोषणा के बाद अवैध ढंग से विस्फोट 0 पाठा क्षेत्र में हो रहे विस्फोट से टाइगर रिजर्व के जानवर दहले

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के रानीपुर वन्य जीव विहार को टाइगर रिजर्व की घोषणा के बाद अवैध ढंग से कुआ के ठेकेदार विस्फोट कर रहे है। इससे जंगल के जीव लगातार भयभीत हो रहे है।

सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मानिकपुर तहसील क्षेत्र के रानीपुर वन्य जीव विहार को टाइगर रिजर्व की घोषणा की थी। इसका कार्य प्रगति पर है और दूसरे जंगलों से बड़े जानवर वन विभाग ने जंगलों में छोड़े हैं। लघु सिंचाई विभाग से खोदे जा रहे कुआ में अवैध ढंग से तस्करी कर विस्फोटक सामग्री लाई जा रही है। धड़ल्ले से एक साथ 30 से 40 विस्फोटक लगाकर विस्फोट किये जा रहे हैं। इस संबंध में प्रशासन मौन है। लगातार हो रहे विस्फोट से ग्रामीणों को भी खतरा है। जंगल से सटे गांव में विस्फोट होने से जंगली जानवरों को खासी परेशानी होती है। विस्फोट की आवाज सुनकर वह यहां-वहां भागते हैं। कई बार ट्रेन की चपेट में भी आ जाते हैं। ऐसा ही मामला कुछ दिन पहले आया था। टिकरिया के पास रेलवे ट्रैक पर एक तेंदुए की लाश पाई गई थी। वन विभाग इस ओर कोई संज्ञान नहीं ले रहा है। पूरे क्षेत्र में लगातार कुआ में अवैध ब्लास्टिंग की जा रही है। इस पूरे मामले में मानिकपुर एसडीएम प्रमेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि संबंधित अधिकारी को पत्र जारी कर जांचकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिये हैं।

## सेमरदहा में नहीं हुई खुली बैठक, सदस्यों को नहीं मिला मानदेय, गौवंशों का प्रधान खाता है निवाला

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के सेमरदहा गांव का जब से गठन हुआ है, तब से सचिव व प्रधान की मनमानी के चलते ग्राम पंचायत में सदस्यों की आज तक खुली बैठक नहीं करवाई गई है। सूबे की योगी सरकार ने शासनादेश जारी कर ग्राम पंचायत में व्यवस्था दी थी कि सदस्यों की हर माह खुली बैठक करवाकर सौ रुपए की दर से हर सदस्य को प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा।

सेमरदहा गांव में सदस्यों को प्रतिमाह मानदेय न देने व खुली बैठक न कराने के मामले का खुलासा हुआ है। तानाशाह सचिव भूपेंद्र द्विवेदी व प्रधान पति फलेश यादव उर्फ कमलेश ने सदस्यों की न कोई खुली बैठक कराई है और न मानदेय दिया है। खुली बैठक की सदस्यों के मांग करने पर सदस्यों के फर्जी हस्ताक्षर कर ग्राम पंचायत की बैठक की खानापूरी हर माह कर ली जाती है। सदस्यों को एक नये का भी मानदेय नहीं दिया जाता। यहां जक कि सदस्यों को बैठक की जानकारी भी नहीं हो पाती। कब ग्राम पंचायत की बैठक हो गई और कार्य योजना भी तैयार हो गई। ये जानकारी किसी भी सदस्य को नहीं पता चलती। किस वार्ड में कौन सा विकास कार्य कराना है। कितनी लागत के हैं। शासन से कितनी धनराशि वित्तीय वर्ष में आई, कितना खर्च हुआ, कितना शेष है। ये जानकारी तक सदस्यों को नहीं दी जाती। नाम न छापने के अनुरोध पर सदस्यों ने बताया कि प्रधान व सचिव से कई बार मानदेय के बारे में पूंछा गया तो कहा गया कि सदस्यों को कोई भी मानदेय नहीं आया है।

आखिर जब से दबंग सचिव भूपेंद्र द्विवेदी ने कार्यभार संभाला है, तब से बड़े पैमाने पर मनरेगा, राज्यवित्त एवं 15वां वित्त आयोग के कार्यों में ग्राम पंचायत में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। मनरेगा से नदी सफाई के नाम पर लाखों रुपए फर्जी मस्टररोल में हाजिरी भरकर प्रधान ने निकाल लिया है। सचिव भी प्रधान के हर भ्रष्टाचार में भागीदार है। देखना है कि भ्रष्ट प्रधान व सचिव पर जिम्मेदार अधिकारी कब कार्रवाई करेंगे। भूसा के भुगतान में भी भारी तादाद में प्रधान ने गोलमाल किया है। गौवंशो का निवाला खाने में भी इस प्रधान को शर्म नहीं आती।

## रामनवमी: आदिवासी युवकों ने ली गुरुदक्षिणा, 51 हजार दीपों से जगमगायेगा कामतानाथ

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** कामतानाथ मन्दिर प्रमुख द्वार में नौ दिनों तक चलने वाले रामचरितमानस महायज्ञ की पंचमी तिथि को वनांचल मानिकपुर एवं मझगवां सतना के आदिवासी युवकों ने पूजन-अर्चन कर रामचरितमानस की चैपाइयों के गायन के साथ यज्ञ में आहुतियां दी। इसके बाद संत मदनगोपाल दास महाराज से गुरुदीक्षा ग्रहण कर रामराष्ट्र के लिए संकल्पित हुए।

रविवार को कामदगिरि पीठम के मीडिया प्रभारी अर्चन ने बताया कि कामतानाथ मन्दिर प्रमुख द्वार 18 वर्षों से नवरात्रि महापर्व पर रामचरितमानस महायज्ञ कर रहा है। परिक्रमा लगाने वाले श्रद्धालु भी लोकमंगल को प्रतिदिन यज्ञ करते हैं। आज पंचमी तिथि को उप्र व मप्र के 12 युवकों ने यज्ञ कर गुरुकुल दीक्षा ली है। जिनमें छह आदिवासी युवक भी शामिल हैं।

गुरुदीक्षा लेते हुए संत मदनगोपाल दास ने सभी युवकों को सनातन धर्म के वैज्ञानिक जीवन पद्धति, प्रभु श्रीराम के आदर्शों एवं राष्ट्र की अखंडता को अक्षुण्ण रखने को संकल्पबद्ध किया। इस मौके पर यज्ञाचार्य पं रामकृपाल पाठक, समाजसेवी गोपाल भाई, संत महात्मा, श्रद्धालु मौजूद रहे। बताया कि पनीत पावन नवमी तिथि को श्री कामदगिरि प्रदक्षिणा प्रमुख द्वार ट्रस्ट की ओर से मप्र सीमा क्षेत्र में स्थित कामतानाथ मन्दिर प्रमुख द्वार एवं उत्तर प्रदेश क्षेत्र में स्थित कामधेनु सुरा गऊद्वार दक्षिण में 51 हजार दीपों को जलाकर महोत्सव को दिव्यता प्रदान की जायेगी।

## भारतीय मूल की बच्ची की हत्या के दोषी को 100 साल की जेल, झगड़े में चलायी थी गोली

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक 35 वर्षीय व्यक्ति को भारतीय मूल की बच्ची की हत्या के अपराध में 100 साल की सजा सुनाई गई है। बता दें कि आरोपी ने साल 2021 में अमेरिका के लुइसियाना प्रांत में एक झगड़े के दौरान गोली चलाई थी, जो नजदीक के होटल में खेल रही बच्ची के सिर में जा लगी थी। गोली लगने से बच्ची की मौत हो गई थी, जिस पर अब अदालत ने दोषी को 100 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

**क्या है मामला**

भारतीय मूल की बच्ची की हत्या के दोषी जोसफ ली स्मिथ को जनवरी में पांच साल की माया पटेल की मौत का दोषी ठहराया गया था। बता दें कि घटना के वक्त माया पटेल एक होटल के कमरे में खेल रही थी, उसी दौरान एक गोली उसके सिर में आकर लगी। गोली लगने से घायल हुई बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां तीन दिन तक जिंदगी और मौत के बीच लड़ने के बाद 23 मार्च 2021 को माया की मौत हो गई। दरअसल होटल सुपर 8 मोटेल की पार्किंग में ही आरोपी जोसफ ली स्मिथ एक अन्य व्यक्ति के साथ झगड़ रहा था। इसी झगड़े में स्मिथ ने गोली चला दी जो उससे झगड़ा करने वाले व्यक्ति को तो नहीं लगी लेकिन पास के ही कमरे में खेल रही माया के सिर में जा लगी। बता दें कि माया के माता-पिता विमल और स्नेहल पटेल ही इस होटल के मालिक हैं और उनका परिवार मोटल के ही ग्राउंड फ्लोर पर रहता है।

## तीन संसदीय सीटों पर उप चुनाव को लेकर रस्साकशी शुरू

**काठमांडू।** नेपाल में 23 अप्रैल को रिक्त तीन संसदीय सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों की सक्रियता बढ़ गई है। कुछ उम्मीदवार पहले ही निर्वाचन क्षेत्रों में पहुंच चुके हैं, जबकि अन्य ने अपने दलों के शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर टिकट का दावा किया है। चुनाव आयोग ने पहले ही तीनों निर्वाचन क्षेत्रों में 23 अप्रैल को चुनाव निर्धारित कर दिया है। प्रत्याशियों के लिए नामांकन की तिथि तीन अप्रैल निर्धारित की गयी है। तनहूं 1, बारा 2 और चितवन 2 की सांसद सीट खाली हैं। 20 नवंबर को हुए संसदीय चुनाव में तनहूं 1 से जीतकर आए रामचंद्र पौडेल राष्ट्रपति बने और बारा 2 से जीते रामसहाय प्रसाद यादव उप राष्ट्रपति बने, दोनों सीटें खाली हैं। नागरिकता मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले से चितवन 2 से जीते राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामिछाने को सांसद पद से मुक्त कर दिया गया।तीनों क्षेत्रों में सत्तारूढ़ गठबंधन और विपक्ष द्वारा नामित उम्मीदवार को लेकर दिलचस्पी बढ़ गई है। सत्तारूढ़ गठबंधन की ओर से तनहूं 1 में कांग्रेस और बारा 2 में जनता समाजवादी पार्टी का उम्मीदवार बनना लगभग तय हो गया है।

बारा 2 में जसपा के अध्यक्ष उपेंद्र यादव उम्मीदवार बनने की तैयारी में हैं। इससे पहले 20 नवंबर को हुई संसदीय चुनाव में सप्तरी 2 से उठे अध्यक्ष यादव को जनमत पार्टी के अध्यक्ष सिके राउत ने हराया था। उनके संसद पहुंचने के लिए रामसहाय यादव को उपराष्ट्रपति बनाकर एमपी की सीट खाली करने का मुद्दा जोर शोर से उठाया जा रहा है। चितवन 2 में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामिछाने, जो पहले सांसद पद से बर्खास्त हो चुके थे, नागरिकता प्राप्ति के बाद फिर उम्मीदवार बन रहे हैं। चितवन में उसकी सक्रियता बढ़ गई है। तीनों उपचुनाव में मुख्य दल जाने-माने लोगों को आगे बढ़ाने की तैयारी में हैं। इस उप चुनाव को नई सरकार बनने के बाद पार्टियों की परीक्षा के तौर पर भी देखा जा रहा है।

## दलाई लामा ने आठ वर्षीय मंगोलियाई बच्चे को बौद्ध धर्म का तीसरा बड़ा गुरु नामित कर चीन को दिया बड़ा झटका

**धर्मशाला।** तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा ने चीन को झटका देते हुए 11वें पंचेन लामा के बाद अमेरिका में पैदा हुए एक मंगोलियाई को बौद्ध धर्म में तीसरे महत्वपूर्ण आध्यात्मिक गुरु के पुनर्जन्म के रूप में नामित किया है। दलाई लामा का ये कदम चीन को चिढ़ाने वाला है और माना जा रहा है कि उन्होंने अपने इस कदम से भारत-चीन विवाद में मंगोलिया को भी खींच लिया है। धर्मशाला के मैकलोड़गंज में पिछले दिनों एक समारोह के दौरान आठ साल के मंगोलियन बच्चे को दलाई लामा ने बौद्ध धर्म का तीसरा सबसे बड़ा गुरु नामित किया है। मंगोलियाई मूल का आठ साल का ये बच्चा अब दलाई लामा और पंचेन लामा के बाद बौद्ध धर्म का तीसरा बड़ा गुरु बन गया है। दलाई लामा ने इस बच्चे को 10वें खलखा जेटसन धम्पा रिनपोछे का पुनर्जन्म होने के तौर पर मान्यता दी है। बौद्ध धर्म में पुनर्जन्म का काफी महत्वपूर्ण स्थान है और माना जाता है कि धर्मगुरुओं का पुनर्जन्म होता है और उन्हें फिर से गुरु बनाने के लिए उनकी तलाश की जाती है। ऐसा माना जाता है कि धर्मगुरु का जन्म पूरी दुनिया में कहीं भी हो सकता है। मंगोलियाई मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक ये बच्चा, जुड़वां बच्चों में से एक है, जिसका नाम अगुइदाई और अचिल्टाई अल्तानार है, जो अलतनार चिंचुलुन और मोनखनासन नर्मदख के बेटे हैं।

# बेलारूस में परमाणु हथियार तैनात करेगा रूस :पुतिन बोले- अमेरिका के न्यूक्लियर वेपन कई देशों में मौजूद, अब हम भी यही कर रहे

**मास्को।** रूस-यूक्रेन जंग के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बड़ा ऐलान किया है। पुतिन ने कहा कि वो बेलारूस में टैक्टिकल न्यूक्लियर वेपन तैनात करेंगे। पश्चिमी देशों के साथ बढ़ते तनाव के बीच पुतिन ने NATO को यूक्रेन को हथियार सप्लाई करने को लेकर वॉर्निंग दी। पुतिन ने कहा- मेरा ये फैसला न्यूक्लियर ट्रीटी का उल्लंघन नहीं करता है। अमेरिका ने भी की देशों में अपने न्यूक्लियर वेपन तैनात कर रखे हैं और हम भी अब ऐसा ही करेंगे।



वहीं अमेरिका ने पुतिन के इस फैसले पर कहा कि फिलहाल इसके कोई संकेत नहीं हैं कि रूस परमाणु हथियार का इस्तेमाल करेगा। अमेरिका के एक सीनियर अधिकारी ने कहा- हमें परमाणु हथियार से जुड़ी अपने रणनीति को बदलने का कोई कारण नहीं दिख रहा है। रूस के न्यूक्लियर वेपन इस्तेमाल की भी कोई आशंका नहीं है। हम एक साथ मिलकर NATO देशों की रक्षा के लिए खड़े रहेंगे।

**रूस ने बेलारूस में तैनात किया इस्कंदर मिसाइल सिस्टम**

पुतिन ने कहा- बेलारूस में परमाणु हथियार तैनात करने के लिए रूस यहां एक स्पेशल स्टोरेज फैलिसिटी बना रहा है। ये काम जुलाई की शुरुआत तक पूरा होगा। हम पहले ही बेलारूस में कई इस्कंदर मिसाइल सिस्टम भेज चुके हैं, जिसमें न्यूक्लियर वॉरहेड लगाए जा सकते हैं। हम बेलारूस को इन हथियारों का कंट्रोल नहीं देंगे। ये सिर्फ वहां तैनात रहेंगे। हमने बेलारूस के 10 एयरक्राफ्ट को टैक्टिकल न्यूक्लियर वेपन ले जाने के लिए सक्षम बना दिया है। अब अगले महीने से हम पायलट की ट्रेनिंग शुरू करेंगे।

**पुतिन ने कहा- अमेरिका-ब्रिटेन का रवैया देख लिया फैसला**

यूक्रेन को हथियार भेज रहे अमेरिका और ब्रिटेन की निंदा करते हुए पुतिन ने कहा- ब्रिटेन जो बारूद-गोले भेज रहा है उसमें यूरेनियम मौजूद है। इससे पहले उन्होंने मार्च में यूक्रेन को चैलेंजर-2 बैटल टैंक देने की घोषणा की थी। पश्चिम और युरोपीय देश लगातार गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार कर रहे हैं। उनके इन्हीं फैसलों के चलते मैंने ये कदम उठाया है।

**1990 के बाद अब दूसरे देश में परमाणु हथियार भेज रहा रूस**

1990 के बाद पहली बार ऐसा हो रहा है जब रूस किसी और देश में अपने परमाणु हथियार तैनात करेगा। पुतिन के इस फैसले पर बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने कहा- हमने स्-400 एयर डिफेंस सिस्टम और इस्कंदर मिसाइल सिस्टम तैनात कर दिए हैं। ये रूस ने करीब 6 महीने पहले बेलारूस को सौंपा था।

# इमरान खान बोले- मैं आतंकवादी नहीं हूं

### लाहौर रैली में कहा- शाहबाज सरकार खुद मुजरिमों से भरी, लेकिन मुझ पर आतंक के 40 केस लगाए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने लाहौर में मीनार-ए-पाकिस्तान पर एक एक बड़ी रैली की। इस दौरान इमरान के हजारों समर्थक जमा हुए। खान ने रैली को एक बुलेट प्रूफ शीशे के पीछे से संबोधित किया। उन्होंने कहा- चुनाव में बराबर मौके का मतलब इमरान खान के हाथ बांधना नहीं है। हमारी पार्टी पर करीब 150 केस लगा दिए गए हैं। पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट की सरकार हमें दरकिनार करने के लिए ऐसा कर रही है।

रैली को संबोधित करते हुए इमरान ने कहा- ये कैसा लोकतंत्र है जहां पहले मुझे और मेरी पार्टी को साजिश के तहत सत्ता से बाहर निकाल दिया और अब मुझ पर बेवजह टेररिज़म के 40 केस लगा दिए गए हैं। नई सरकार मुजरिमों से भरी हुई है। हमें आजादी तभी मिलेगी जब देश में कानून का राज होगा।

इमरान ने कहा- मुझे और मेरी पार्टी को साजिश के तहत सत्ता से बाहर निकाल दिया। नई सरकार मुजरिमों से भरी हुई है।

इमरान ने कहा- मुझे और मेरी पार्टी को साजिश के तहत सत्ता से बाहर निकाल दिया। नई सरकार



मुजरिमों से भरी हुई है।

**'जीवन में पहली बार फिलिस्तीनी जैसा महसूस किया'**

रैली के दौरान इमरान खान ने कहा कि उन्होंने अपने जीवन में पहली बार वही महसूस किया जो फिलिस्तीन के लोग महसूस करते हैं। इमरान खान ने सवाल पूछते हुए कहा- पुलिस ने मेरे घर पर हमला किया क्योंकि वे मुझे झूठे मामलों में गिरफ्तार करना चाहती थी। पुलिस के साथ झड़प के दौरान लोगों ने मेरा साथ दिया क्योंकि वे जानते थे कि मैं सही हूं। उन्होंने मुझ पर आतंकवाद के 40 मामले दर्ज किए हैं। क्या देश स्वीकार करेगा कि इमरान खान आतंकवादी है?

**इमरान ने समर्थकों का धन्यवाद किया**

इमरान ने रैली में आए अपने समर्थकों और क्क्षद्ध कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा- ये रैली रोकने के लिए सरकार ने हरसंभव कोशिश की। रास्तों पर कंटेनर लगा दिए, जिससे लोग मीनार-ए-पाकिस्तान नहीं पहुंच पाए। लेकिन ये सत्ता में मौजूद लोगों के लिए एक सबक है कि जब देशवासी वास्तव में आजादी चाहते हैं तब कंटेनर भी उन्हें नहीं रोक सकते।

**'देश को आर्थिक संकट से नहीं निकालना चाहती सरकार'**

पाकिस्तान में चल रहे आर्थिक संकट पर इमरान ने कहा- भारत के मुकाबले हमारी महंगाई दर 5 गुना है। सरकार देश को इस संकट से नहीं बचा सकती और न ही बचाना चाहती है। इस दौरान पूर्व क्क्रूने अपना 10 पॉइंट प्लान साझा किया। उन्होंने कहा- हमें दूसरे देशों में रह रहे पाकिस्तानियों को यहां निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। जिससे बार-बार ढ्डरूस्न के चक्कर न लगाने पड़ें।

इसके अलावा हम उन सभी लोगों को सुविधाएं देंगे जो अपने प्रोडक्ट को एक्सपोर्ट करके देश में डॉलर ला सकते हैं। हमें टूरिजम और मिनरल सेक्टर को भी बढ़ावा देने की जरूरत है। हम सत्ता में आने के बाद चीन के सहयोग से कृषि उत्पादकता बढ़ाएंगे।

## नेपाल की जनसंख्या में 11 साल में 25 लाख की बढ़ोतरी, पीएम पुष्प कमल दहल ने जारी किए आंकड़े



**काठमांडू।** नेपाल की जनसंख्या में 11 साल में 25 लाख की बढ़ोतरी हुई है। इस रूप में देश में हर साल आबादी में दो लाख से कुछ अधिक की बढ़ोतरी दर्ज हुई। नवंबर 2021 में नेपाल में जनगणना कराई गई थी। जनगणना के आंकड़े जारी किए गए।

नेपाल की आबादी 2,91,64,578 हो गई है। 2011 की जनगणना में देश की आबादी 2,64,94,504 दर्ज हुई थी। आंकड़े प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ने काठमांडो में एक समारोह में जारी किए। पर्यवेक्षकों के मुताबिक, देश में संघीय शासन व्यवस्था अपनाने के बाद पहली बार यह जनगणना हुई है। इसमं बागमती सबसे अधिक आबादी वाले प्रांत के रूप में सामने आया है।

## भारत ने 15 वर्षों में दो हजार से अधिक नेपाली अधिकारियों को 'आई टेक' में किया प्रशिक्षित

**काठमांडू।** भारत ने 15 वर्षों में दो हजार से अधिक नेपाली अधिकारियों को भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (आई टेक) में प्रशिक्षित किया है। भारत सरकार ने कहा कि पिछले 15 वर्षों में दो हजार से अधिक नेपाली अधिकारियों को (आई टेक) में प्रशिक्षित किया गया है। 58 वें आईटेक डे पर नेपाल में भारतीय दूतावास ने इस डेटा की जानकारी दी है। भारत सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में छात्रवृत्ति के माध्यम से प्रदान किए जाने वाले (आई टेक) प्रशिक्षण में हर साल अलग-अलग विषय सौंपे जाते हैं। जिनमें से इस वर्ष नेपालियों ने फैलोशिप कार्यक्रमों जैसे प्रबंधन, भ्रष्टाचार विरोधी अनुसंधान, डार्क वेव और क्रिप्टोकरेंसी, युवा नेताओं, सिंचाई, जल विज्ञान, जल प्रबंधन आदि में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। दूतावास के अनुसार, नेपाल के अटॉर्नी जनरल कार्यालय के 32 अधिकारियों और चुनाव आयोग के 29 अधिकारियों ने 2022-2023 में आई टेक कोर्स में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इसी तरह 24 मार्च की शाम को मनाए गए आइटेक डे पर नेपाल में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने कहा कि भारत नेपाल सहित 160 से अधिक देशों के दो लाख से अधिक सरकारी अधिकारियों, व्यापारियों और उद्यमियों को अपना विकास-संबंधी अनुभव और विशेषज्ञता प्रदान कर रहा है।

# 'पंजाब के हालात पर हमारी नजर', कनाडा की विदेश मंत्री ने दिया बयान, भारत ने दी सख्त प्रतिक्रिया

**टोरंटो।** कनाडा की विदेश मंत्री मेलिनी जॉली ने वहां की संसद में अपने एक बयान में कहा कि कनाडा पंजाब के हालात पर करीब से नजर रख रहा है और कनाडा में रह रहे समुदाय को इसके बारे में जानकारी देता रहेगा। वहीं भारतीय विदेश मंत्रालय ने विदेशी नेताओं के पंजाब को लेकर दिए बयान पर कहा है कि गलत और भ्रामक जानकारी पर विश्वास ना करें। बता दें कि पंजाब पुलिस ने वारिस पंजाब दे संगठन के कट्टरपंथी नेता अमृतपाल सिंह के कई सहयोगियों को गिरफ्तार किया है और फरार अमृतपाल की तलाश की जा रही है।



**कनाडा की विदेश मंत्री ने दिया पंजाब पर बयान**

कनाडा की संसद में भारतीय मूल के सांसद इकविंदर एस गहीर के सवाल के जवाब में कनाडा की विदेश मंत्री मेलिनी जॉली ने कहा कि 'हम पंजाब में बदलते हालात के बारे में जानते हैं और हम करीब से इस पूरे मामले पर नजर रखे हुए हैं। हम उम्मीद करते हैं कि वहां जल्द ही हालात सामान्य और स्थिर हो जाएंगे।' जॉली ने कहा कि कनाडा के नागरिक हमेशा सरकार पर भरोसा कर सकते हैं और हम उनकी चिंताओं को दूर करने का प्रयास लगातार करते रहेंगे। सांसद गहीर ने पंजाब में इंटरनेट सेवाओं के बंद होने का भी मुद्दा उठाया और विदेश मंत्री से इसे लेकर सदन को जानकारी देने की मांग की।

# अमेरिका में टॉरनेडो से 26 लोगों की मौत:गोल्फ बॉल जितने बड़े ओले पड़े, आज रात फिर तूफान आने की आशंका

**प्योंगयांग।** अमेरिका के मिसिसिपी में देर रात आए टॉरनेडो की चपेट में आने से 26 लोगों की मौत हो गई। इलाके में तेज बारिश के बीच गोल्फ बॉल जितने बड़े ओले गिरे। हजारों लोगों के घरों की बिजली चली गई। इमरजेंसी सर्विसेज ने मलबे में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू अभियान चलाया। हालांकि, टॉरनेडो से तबाह हुई रविवार रात को यहां फिर तूफान आने की आशंका है, जिससे



करीब 20 लाख लोग खतरे में हैं।

**30 हजार फीट तक उड़ा मलबा**-बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक टॉरनेडो की रफ्तार इतनी तेज थी कि इसकी वजह से मची तबाही में फैला मलबा 30 हजार फीट ऊपर तक उड़ा। टॉरनेडो जमीन पर करीब 1 घंटे तक रहा। मिसिसिपी के मेयर टेट रिव्ज ने बताया कि प्रभावित इलाके मे रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। सबसे ज्यादा तबाही मिसिसिपी के रोलिंग फॉर्क कस्बे में मची है। यहां रहने वाले एक व्यक्ति ने न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया कि टोरनोडे की रफ्तार इतनी तेज थी कि इससे घर की सारी खिड़कियां टूट गई। आधे से ज्यादा कस्बा पूरी तरह से तबाह हो चुका है।

**लोगों को 2011 के खतरनाक तूफान की याद दिलाई**

अमेरिका की इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी ने बताया कि तूफान ने 160 किलोमीटर के इलाके में ज्यादा तबाही मचाई है। टॉरनेडो आने से पहले ही कई लोगों ने अपने परिवार को अमेरिका के दूसरे राज्यों में रिश्तेदारों के घर भेज दिया था। इमरजेंसी सर्विसेज ने भी कई लोगों को इलाके से बाहर निकाला था। वहीं, शुक्रवार को आए टॉरनेडो ने लोगों को 2011 के तूफान की याद दिलाई जिसमें 161 लोगों की मौत हो गई थी।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम्**
RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.:
9565333000

Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## मध्य-पूर्व का संकट भारतीय शेयर बाजार को पहुंचा सकता नुकसान : अर्थशास्त्री

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। अर्थशास्त्री और बाजार के विशेषज्ञों के अनुसार, दलाल स्ट्रीट सहित वैश्विक बाजार पहले से ही अमेरिका में बैंक संकट की चपेट में हैं। आर्थिक मंदी की चिंता बढ़ रही है। मध्य पूर्व में नया भू-राजनीतिक तनाव सोमवार को भारतीय शेयर बाजार के खुलने के बाद उसे नुकसान पहुंचा सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक भारतीय शेयर बाजार हो या कोई अन्य वैश्विक बाजार नई टेंशन बर्दाश्त नहीं कर सकता। क्योंकि, आगामी सत्रों में उन्हें पहले से ही काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने लघु अवधि के निवेशकों को सलाह दी कि यदि मध्य पूर्व तनाव और बढ़ता है तो वे गुणवत्तापूर्ण कृषि और उर्वरक शेयरों में निवेश करें।

हालांकि, लंबी अवधि के लिए विशेषज्ञों ने आईटी में निवेश की सलाह दी है।

प्रमुख अर्थशास्त्री सुधांसु ने हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत में बताया कि सीरिया में अमेरिकी हवाई हमले की खबर बहुत बुरे समय में आई है। इस भू-राजनीतिक तनाव की वजह से दलाल स्ट्रीट पर शुक्रवार को बिक वाली देखने को मिली थी। दलाल स्ट्रीट सहित वैश्विक बाजार पहले से ही अमेरिका में बैंकिंग संकट और आर्थिक मंदी के दबाव में हैं।

# अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ने खुद के खिलाफ हो रही जांच की तुलना रूसी हॉरर शो से की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुद के खिलाफ हो रही जांच की तुलना रूस के हॉरर शो से की है। ट्रंप ने वाको, टेक्सास में अपनी पहली चुनावी रैली में उनके खिलाफ जांच कर रहे अभियोजक पर हमला किया। कहा कि अगले साल होने वाले राष्ट्रपति के मद्देनजर उनके खिलाफ षडयंत्र किया जा रहा है।

ट्रंप ने वाको के हवाईअड्डे पर जुटे अपने समर्थकों से कहा कि उनके चारों ओर घूम रही जांच 'स्टालिनिस्ट रूस हॉरर शो का हिस्सा लग रहा है।' शुरुआत से एक के बाद एक हास्यास्पद जांच करवाई जा रही है। ट्रंप पर जेल जाने का खतरा मंडरा रहा है। इस बीच, उन्होंने ये बयान दिया। कहा कि साजिश के तहत उनके खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। ट्रम्प ने वैको में शाखा



डेविडियंस धार्मिक संप्रदाय पर संघीय एजेंटो द्वारा की गई छापेमारी की 30वीं वर्षगांठ पर ये सम्मेलन आयोजित किया। छापेमारी के दौरान 86 लोग मारे गए थे। इसे दक्षिणपंथी लोगों पर हमला बताया गया था।

**पोर्न स्टार के मामले में फंसे हैं ट्रंप**

दरअसल, पोर्न स्टार स्टॉर्मी का आरोप है कि ट्रंप ने नेवादा में एक सेलेब्रिटी गोल्फ टूर्नामेंट के दौरान उन्हें अपने होटल रूम में बुलाया था। ट्रंप ने स्टॉर्मी को टीवी स्टार बनाने का वादा किया था। स्टॉर्मी के मुताबिक, ट्रंप और उनके बीच यौन संबंध बने थे। हालांकि ट्रंप इस बात से इनकार करते रहे हैं कि उन्होंने स्टॉर्मी के साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। उनका कहना है कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है। जुलाई 2007 में स्टॉर्मी डेनियल जब ट्रंप से मिली थीं, तब उनकी उम्र 27 साल थी और ट्रंप की 60 साल।

इस मामले पर फेडरल इलेक्शन कमीशन और फेडरल न्यूयॉर्क प्रोसिक्यूटर, दोनों ही गौर कर चुके हैं। हालांकि दोनों ने ही ट्रंप पर कोई एक्शन नहीं लिया था। अब मैनहट्टन की अदालत में अभियोजन पक्ष की ओर से मुख्य गवाह कोहेन होंगे। कोहेन अगस्त 2018 में ही अपना यह अपराध कबूल कर चुके हैं कि राष्ट्रपति चुनाव के दौरान उन्होंने फाइनैंशियल गड़बड़ी की थी। उन्होंने स्वीकार किया था कि स्टॉर्मी डेनियल को पैसे देने में उन्होंने मदद की थी। यही नहीं, उन्होंने प्लेबॉय की एक पूर्व मॉडल को पैसे देने की बात भी कबूली थी ताकि ट्रंप के राष्ट्रपति चुनाव अभियान में मदद ली जा सके। कोहेन ने कहा था कि यह सब उन्होंने ट्रंप के कहने पर किया था।

ट्रंप ने स्टॉर्मी से वादा किया था कि वह उन्हें ह्क्चष्ट के रियलिटी शो 'द अप्रेंटिस' में ले जाएंगे। हालांकि ऐसा हुआ नहीं। इसके बाद सात अक्तूबर 2016 को द वॉशिंगटन पोस्ट ने एक टेप पब्लिश किया। उसमें एक लाइव माइक्रोफोन पर ट्रंप की बातचीत रिकॉर्ड की गई थी। ट्रंप यह कहते सुने गए कि वह किस तरह महिलाओं को दबोच लेते हैं।

इसके बाद स्टॉर्मी डेनियल ने नैशनल इंक्वायरर से संपर्क किया। द इंक्वायरस के प्रकाशक डेविड पेकर दरअसल ट्रंप के मित्र थे और उन्होंने कोहेन को इसकी जानकारी दे दी। कोहेन ने डेनियल के वकील को एक लाख 30 हजार डॉलर खुद देने की बात मान ली। चुनाव जीतने के बाद ट्रंप ने यह पैसा कोहेन को लौटाने के लिए खुद चेक साइन करके दिया था।